संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 25 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 315 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना की।

## फास्ट न्यूज

### मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला केरल में गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र एंटी टेरोरिस्ट स्कॉड (एटीएस) की टीम ने एक मिलियन डॉलर बिटकॉइन न मिलने पर मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को केरल के तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस की टीम ने उसे केरल से मुंबई लाकर सहार पुलिस स्टेशन की टीम को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को मुंबई एयरपोर्ट के कार्यालय को ई-मेल भेजकर एक मिलियन बिटकॉइन की रंगदारी न देने पर मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल दो को उड़ा देने की धमकी दी गई थी। अंग्रेजी में लिखे गए ई-मेल में कहा गया था कि यह आपके हवाई अड्डे के लिए अंतिम चेतावनी है। अगर बिटकॉइन में 1 मिलियन डॉलर नहीं मिले तो हम 48 घंटे के भीतर टर्मिनल -2 को विस्फोट कर देंगे। ई-मेल प्राप्त होने के बाद एयरपोर्ट अथारिटी ने इसकी सूचना पुलिस को दी और सहार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

### भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा: राजनाथ सिंह

**कीसरा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा की सरकार आने पर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा। शुक्रवार को मेडचल जिले के कीसरा मंडल के रामपल्ली में भाजपा की ओर से आयोजित विजय संकल्प सभा में राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार हम तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनाएंगे। दस साल में सीएम केसीआर ने जनता से कई वादे किए लेकिन उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। हमने 27 वर्षों तक गुजरात को देश में एक मॉडल के रूप में विकसित किया है। क्या आप केसीआर से सवाल कर रहे हैं कि तेलंगाना का विकास क्यों नहीं हुआ भारत सरकार और केसीआर परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। भाजपा सत्ता में आने पर परिवारवाद के खिलाफ काम करती है। वाजपेयी से लेकर मोदी तक भाजपा सरकार और नेताओं पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। घरेलू कामगारों को नौकरी देने का वादा करने वाली भारत सरकार ने धोखा दिया और पेपर लीक कर दिया। राजनाथ सिंह ने इस बात की आलोचना की कि किसी भी दलित को तीन एकड़ जमीन नहीं दी गई।

### सावधानी के साथ शुरू होगी ड्रिलिंग: महमूद अहमद

**उत्तरकाशी।** सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों को जल्द बाहर निकालने की जद्दोजहद 13वें दिन भी जारी है। इस बीच केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के अपर सचिव एवं एनएचआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद ने मीडिया को बताया कि ऑगर मशीन से 45 मीटर के बाद ड्रिलिंग शुरू करते हुए कुल 1.8 मीटर तक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई थी।

# चीन में तेजी से फैल रही बीमारी, देश में अलर्ट

= मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा देखकर स्वास्थ्य अधिकारियों में चिंता पैदा हो गई है

**नजर...**

8 चीन में एच9एन2 के मामलों और बच्चों में तेजी से फैल रही सांस की बीमारी पर बारीकी से नजर रख रहा है।





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
चीन में रहस्यमयी निमोनिया का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। इससे अस्पतालों में भर्ती हो रहे बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा देखकर स्वास्थ्य अधिकारियों में चिंता पैदा हो गई है। हालांकि, इस बीमारी को लेकर भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का कहना है कि चीन में एच9एन2 के मामलों और बच्चों में तेजी से फैल रही सांस की बीमारी पर बारीकी से नजर रख रहा है। चीन में सामने आ रहे एवियन इन्फ्लूएंजा के मामलों के साथ-साथ फैल रही सांस की बीमारी का फिलहाल भारत में कम खतरा है। भारत किसी भी तरह की आपात स्थिति के लिए तैयार है।

**मरीजों की बढ़ रही संख्या**
बता दें, यह चिंताजनक स्थिति कोविड संकट के शुरूआती दिनों की याद दिलाती है। स्वास्थ्य अधिकारियों में चिंता पैदा हो गई है। इस बीमारी से अधिकतर बच्चे शिकार हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी अलर्ट कर चुका है। वह पहले ही चीन से अधिक जानकारी देने को कह चुका है।

**पिछले तीन वर्षों में वृद्धि**
डब्ल्यूएचओ का कहना है कि पिछले तीन वर्षों की इसी अवधि की तुलना में चीन में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों में वृद्धि हुई। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने इस महीने की शुरूआत में बताया था कि कोविड-19 उपायों को हटाने अर्थात इन्फ्लूएंजा और सामान्य जीवाणु संक्रमण के प्रसार के कारण श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि हुई है।

### कोरोना काल में किया टेस्ट किट और दवाओं का दुरुपयोग

**पुणे।** पुणे पुलिस ने 2021 में महामारी के दौरान एक नागरिक-संचालित अस्पताल के लिए कोविड -19 परीक्षण किट, दवाओं और सैनिटाइजर का कथित रूप से दुरुपयोग करने और उन्हें व्यक्तिगत लाभ के लिए निजी प्रयोगशालाओं को बेचने के लिए एक पूर्व मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी और दो अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इसकी जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने दी है। वारजे मालवाड़ी पुलिस ने गुरुवार को पुणे नगर निगम के पूर्व मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष भारती, डॉ. अरुणा तारडे और डॉ. रुशिकेश गार्डी के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 465 (जालसाजी) और भारतीय दंड संहिता के अन्य प्रासंगिक प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि मामला डॉ. सतीश कोलसुरे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जो मामले को अदालत में ले गए, जिसके बाद एक स्थानीय अदालत ने पुलिस को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर जनवरी और दिसंबर 2021 के बीच वारजे मालवाड़ी इलाके में अरविंद बारटाके अस्पताल में मरीजों की फर्जी प्रविष्टियां बनाकर फर्जी रिकॉर्ड बनाए, ताकि ऐसा लगे कि सुविधा में परीक्षण किट, सैनिटाइजर और दवाओं जैसी सामग्री का उपयोग किया गया था।




## सांसदों ने साइबर सुरक्षा पर जताई चिंता



**सुरक्षा की बात**

8 साइबर सुरक्षा के मुद्दों और मंत्रालय व उसके तहत आने वाले संगठनों के समक्ष एक प्रेजेंटेशन दिया।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नए संसद भवन में सांसदों ने शुक्रवार को साइबर सुरक्षा पर चिंता जताई और बैंकों से बड़े पैमाने पर जनता की वित्तीय संपत्तियों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। राज्यसभा की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सदस्यों ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक के शीर्ष अधिकारियों को सुना। सांसदों ने देश में साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया और इसे मापने के लिए एक 'साइबर चेतना सूचकांक' (साइबर कॉन्शियशनेस इंडेक्स) विकसित करने का आह्वान किया। समिति की बैठक आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्य एनडी गुप्ता की मेजबानी में हुई, जिसमें एमईआईटीवाई के सचिव ने साइबर सुरक्षा के मुद्दों और मंत्रालय व उसके तहत आने वाले संगठनों के समक्ष एक प्रेजेंटेशन दिया।

## सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिली राहत



**4 को सुनवाई**

8 सुप्रीम कोर्ट अब 4 दिसंबर को ही सत्येंद्र जैन की रेगुलर जमानत की याचिका पर सुनवाई करेगा।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत 4 दिसंबर तक बढ़ा दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ को सत्येंद्र जैन की रेगुलर जमानत पर सुनवाई करनी थी, लेकिन पीठ में शामिल जस्टिस एएस बोपन्ना सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में पीठ ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 4 दिसंबर तक बढ़ाने का निर्देश दिया।

**4 दिसंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट**
सुप्रीम कोर्ट अब 4 दिसंबर को ही सत्येंद्र जैन की रेगुलर जमानत की याचिका पर सुनवाई करेगा। इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को 9 अक्तूबर तक अंतरिम जमानत दी थी। वहीं ईडी ने दावा किया कि आप नेता सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका लंबित होने का हवाला देकर ट्रायल कोर्ट में बार-बार सुनवाई स्थगित करने की मांग कर रहे हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि सत्येंद्र जैन ट्रायल कोर्ट से 16 तारीखें ले चुके हैं। सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने अपने से जुड़ी चार कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की।

### 46 वर्षीय टीचर ने 15 साल की छात्रा से रचाई शादी

**ताडेरू।** आंध्र प्रदेश में नाबालिग लड़की से शादी करने के आरोप में एक 46 वर्षीय स्कूल टीचर को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि टीचर दो बेटियों का पिता है और उसने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ कथित तौर पर शादी की है, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, आरोपी पश्चिम गोदावरी जिले के भीमावरम के पास यंदागानी जिला परिषद हाई स्कूल में हिंदी शिक्षक है।

## मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
सिलक्यारा टनल में 13 दिनों से फंसे श्रमिकों के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने पिछले तीन दिनों से उत्तरकाशी में डेरा डाल रखा है। शुक्रवार शाम को मुख्यमंत्री धामी ने सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तीव्र गति एवं पूरी सावधानी के साथ अंतिम चरण के रेस्क्यू ऑपरेशन को संचालित किया जाए। यह अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा रेस्क्यू अभियान है। टनल में फंसे 41 श्रमिकों की बहुमूल्य जिंदगी को बचाने की जिम्मेदारी हम सब पर है। अभियान में जुटे लोगों को पूरी दक्षता, क्षमता, तत्परता और सावधानी के साथ मिशन को कामयाब बनाने में जुटे रहना होगा। इस काम के लिए संसाधनों की कोई भी कमी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (से.नि) बी.के सिंह, सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, विधायक संजय डोभाल, विधायक सुरेश चौहान, रेस्क्यू अभियान के समन्वयक सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 97 तेजस और 156 प्रचंड की मंजूरी को सरकार तैयार



**नई दिल्ली।** भारत सरकार एक और विमानवाहक पोत, 97 तेजस और 156 एलसीएच प्रचंड के लिए प्रारंभिक मंजूरी देने को तैयार है।

इन तीन बड़ी रक्षा परियोजनाओं को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की 30 नवंबर को होने वाली बैठक में आवश्यकता को स्वीकार (एओएन) करने की संभावना है। नौसेना और वायु सेना ने इन परियोजनाओं के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव पहले ही रक्षा मंत्रालय को भेज दिए हैं।

भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने पूर्ण परिचालन क्षमता हासिल कर ली है। अब युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## 'डीके शिवकुमार पर दर्ज सीबीआई केस वापस




**मामला**

8 डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई जांच से ऐतराज नहीं।

**टीम एक्शन इंडिया/बंगलूरू**
कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने सीबीआई जांच के लिए सहमति वापस लेने का निर्णय क्यों लिया? इस पर एक बयान में सरकार ने कहा, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच वापस लेने का फैसला केवल "प्रक्रियात्मक चूक" को ठीक करने के लिए लिया गया है।

**कांग्रेस ने भाजपा सरकार की चूक सुधारी :** उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ दर्ज मामले की सीबीआई जांच की सहमति वापस लेने के कैबिनेट के फैसले का बचाव करते हुए कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बयान दिया। सरकार को डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई जांच से ऐतराज नहीं। परमेश्वर ने कहा, सरकार ने केवल पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा की अगुवाई वाली भाजपा सरकार की ओर से हुई "प्रक्रियात्मक चूक" को सुधारा है।

**सीबीआई को मंजूरी देने के लिए मौखिक निर्देश:** गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि कांग्रेस सरकार का फैसला शिवकुमार को बचाने और राजनीति से प्रेरित नहीं है। उन्होंने भाजपा की तरफ से आलोचना पर कहा, विपक्षी पार्टी भाजपा और जनता दल सेकुलर फैसले की व्याख्या करने को स्वतंत्र हैं।

## दुकानों की बिक्री के तुरंत बाद हो रजिस्ट्री: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी स्थानीय निकाय दुकानों की बिक्री के बाद तुरंत रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित किया जाए और इसके अलावा प्रॉपर्टी आईडी की आपत्तियों का निपटान त्वरित करें। उन्होंने कहा कि यह बड़ा काम है, जिसकी आपत्ति है उसका ठीक से समाधान कराएं। इसके लिए विशेष शिविर लगाए जाएं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हरियाणा निवास पर शहर स्थानीय निकाय विभाग की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहर स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में तो 100 से अधिक हो चुके हैं। अब शहरों में भी इस यात्रा को जनसंवाद से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रमों में प्राप्त एक-एक शिकायतकर्ता के दस्तावेज को पढ़ा जाता है।

## पंजाब में किसानों का आंदोलन खत्म, रेल व सड़क यातायात बहाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की किसान संगठनों के साथ शुक्रवार को हुई बैठक के बाद किसानों ने राज्य में अपना आंदोलन खत्म कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बैठक के बाद ऐलान किया कि सरकार जल्द ही गन्ने के दाम बढ़ा देगी और देश में यह दाम अन्य राज्यों के मुकाबले अधिक होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा पुलिस महानिदेशक तथा कई अन्य विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे। गन्ने के दाम में बढ़ोतरी की मांग को लेकर किसान चार दिनों से धरने पर हैं।
पंजाब में कई जगह सड़कें तथा रेल लाइनें रोकी गई हैं। जिससे हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। किसानों से हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जल्द गन्ना किसानों के साथ-साथ बाढ़ पीड़ित किसानों को भी मुआवजे के रूप में गिफ्ट देंगे। गन्ने के रेट भी बढ़ा दिए जाएंगे।

**सम्मान...** मुठभेड़ में घायल होने के बाद कुत्ते ने आतंकवादियों के खून के निशान सूंघकर सैनिकों को आतंकवादियों के ठिकाने तक पहुंचने में मदद की थी।

## घायल डॉग 'डोमिनोज' को कमेंडेशन कार्ड से किया गया सम्मानित



**सम्मानित किया**

8 हैंडलर लांस नायक लकी कुमार को भी उत्तरी सेना कमांडर ने सम्मानित किया

8 खून के निशान सूंघकर आतंकवादियों के ठिकाने तक पहुंचाया था सैनिकों को।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
हाल ही में राजौरी मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी को उसके ठिकाने पर ट्रैक करने में भारतीय सेना के कुत्ते डोमिनोज ने अहम भूमिका निभाई है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को डोमिनोज और उसके हैंडलर लांस नायक लकी कुमार को कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया है। कालाकोट क्षेत्र में मुठभेड़ में घायल होने के बाद कुत्ते ने आतंकवादियों के खून के निशान सूंघकर सैनिकों को आतंकवादियों के ठिकाने तक पहुंचने में मदद की थी। भारतीय सेना के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी में दो दिनों तक चली मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन समेत पांच जवानों की शहादत हुई है। इसके अलावा भारतीय सेना की डॉग यूनिट का जवान कुत्ता डोमिनोज भी घायल हुआ है। सेना के इस कुत्ते ने कालाकोट क्षेत्र में आतंकवादियों के खून के निशान को सूंघकर उनके ठिकानों का पता लगाया, जिससे सुरक्षा बलों को उनका पता लगाने और खतरे को बेअसर करने में मदद मिली। इस ऑपरेशन में बहुमूल्य भूमिका के लिए डोमिनोज और उसके हैंडलर लांस नायक लकी कुमार को लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज उत्तरी सेना के कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया। इसी तरह सितम्बर में जम्मू-कश्मीर के राजौरी में ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना की 21 आर्मी डॉग यूनिट की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर 'केंट' ने अपने हैंडलर की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी थी। केंट भाग रहे आतंकवादियों की तलाश में सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रही थी, लेकिन आतंकवादियों की गोली लगने पर उसकी जान चली गई। इस मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया और एक विशेष पुलिस अधिकारी समेत तीन घायल हो गए। पिछले साल अक्टूबर में एक मुठभेड़ के दौरान कश्मीर में फौजी कुत्ते 'जूम' को दो गोलियां लगीं थीं, लेकिन फिर भी वह आतंकियों से लड़ता रहा।

## 'इस्राइल समर्थन के लिए भारत का आभारी, हमास के नष्ट होने तक मिशन रहेगा जारी'



**जानकारी**

8 हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकना और गाजा पट्टी पर हमास के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूंद करना है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इस्राइल और हमास के बीच युद्ध बीते 50 दिनों से जारी है। युद्धविराम पर सहमति और हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई को लेकर इस्राइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा, इस्राइली सरकार की कैबिनेट बैठक में इस्राइल डिफेंस फोर्सेज के लिए दो लक्ष्य तय किए गए। पहला लक्ष्य गाजा में हमास का हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकना और गाजा पट्टी पर हमास के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूंद करना है।
राजदूत गिलोन के अनुसार, हमास के साथ हिंसक संघर्ष के बीच आईडीएफ का दूसरा लक्ष्य आतंकी संगठन के कब्जे में फंसे बंधकों की सुरक्षित रिहाई कराना है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया में कई देशों ने युद्धविराम के साथ-साथ बंधकों की रिहाई पर जोर दिया है। कई सरकारों और देशों की मध्यस्थता के बीच हमास ने 50 महिलाओं और बच्चों को रिहा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मूल रूप से इस्राइली सेना ने जो दबाव बनाया, उसके असर और सैन्य कार्रवाई के प्रभाव के कारण चार दिनों के युद्धविराम की सहमति बनी है।

# राजधानी में सांसों का संकट बरकरार...

## लोगों को जहां सांस लेने में तकलीफ है, तो वहीं आंखों में जलन के मामले भी 40 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में दिवाली के बाद से ही वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। दिल्ली-एनसीआर की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। बात अगर शुक्रवार की करें तो आज सुबह से ही कई इलाकों में एक्यूआई 400 या 400 के पार बना हुआ है। इससे लोगों को जहां सांस लेने में तकलीफ है तो वहीं आंखों में जलन के मामले 40 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं।

**बृहस्पतिवार को रहा कैसा हाल:** कहने को दिल्ली की हवा "बहुत खराब" श्रेणी में बनी हुई है, लेकिन "गंभीर" श्रेणी के भी करीब है। बृहस्पतिवार को भी कमोबेश यही स्थिति बरकरार रही। राजधानी के 14 इलाकों का एक्यूआइ 400 पार यानी "गंभीर" श्रेणी में रिकार्ड किया गया। अगले दो तीन दिनों तक दिल्ली को प्रदूषण से राहत मिलने के आसार भी नजर नहीं आ रहे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बृहस्पतिवार को दिल्ली का एक्यूआई 390 रहा। इस स्तर की हवा को "बहुत खराब" श्रेणी में रखा जाता है, लेकिन यह "गंभीर" श्रेणी से सिर्फ 10 अंक नीचे है।



**बुधवार को थी ऐसी स्थिति:** एक दिन पहले बुधवार को यह 395 रहा था, यानी 24 घंटे के भीतर पांच अंकों की मामूली गिरावट आई है। बवाना दिल्ली का सर्वाधिक प्रदूषित इलाका रहा, जहां का एक्यूआइ 443 रहा जबकि दूसरा नंबर जहांगीर पुरी का रहा। यहां का एक्यूआइ 333 दर्ज किया गया।



**हवा सामान्य से साढ़े तीन गुना ज्यादा जहरीली:** मानकों के अनुसार, हवा में पीएम 10 का औसत स्तर 100 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 60 से कम होना चाहिए। तभी उसे स्वास्थ्य के लिए हितकर माना जाता है। लेकिन बृहस्पतिवार को दिल्ली की हवा में शाम चार बजे पीएम 10 का औसत स्तर 355 और पीएम 2.5 का स्तर 206 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।

### तीन दिनों तक राहत के आसार नहीं

**पृथ्वी** विज्ञान मंत्रालय द्वारा तैयार वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, अगले तीन चार दिनों के बीच हवा की गति आमतौर पर दस किमी से नीचे रहने की संभावना है। इससे प्रदूषक तत्वों का बिखराब नहीं हो पा रहा है। शनिवार को एक्यूआइ "गंभीर" श्रेणी में पहुंच सकता है। पराली ने राजधानी को बृहस्पतिवार को पांच प्रतिशत प्रदूषित किया। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में इसके करीब 800 मामले दर्ज किए गए। 15 नवंबर को पराली प्रदूषण 23.39 प्रतिशत रहा था। 21 नवंबर को यह नौ प्रतिशत से अधिक रहा था।

# दोषियों की सजा पर बहस पूरी, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की कोर्ट ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए लोगों की सजा पर अपना फैसला शुक्रवार यानी 25 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया है। टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या की गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) रवींद्र कुमार पांडेय ने सजा पर बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। इससे पहले सात नवंबर को कोर्ट ने मामले को स्थगित कर दिया था। उस समय कोर्ट ने कहा था कि दोषियों द्वारा दायर हलफनामों का सत्यापन पूरा नहीं हुआ है। हालांकि, न्यायाधीश ने परिवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा दायर की गई सजा पूर्व रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर ले लिया।

# सिंगापुर एंबेसी की फर्जी नंबर प्लेट लगी कार, पुलिस-सुरक्षा एजेंसी हुई अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सिंगापुर एंबेसी की फर्जी नंबर प्लेट लगी कार की तस्वीर सामने आने से सनसनी फैल गई। एयरपोर्ट पुलिस से लेकर दूसरे सुरक्षा एजेंसी यहां सतर्क हो गई है और इस कार की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। खुद सिंगापुर एंबेसी ने इस कार की तस्वीर को ट्वीट करके इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस के अलावा विदेश मंत्रालय को भी दी है। एंबेसी ने कहा है कि 63 सीडी नंबर प्लेट वाली कार नकली है। यह हमारे दूतावास की कार नहीं है। हमने विदेश मंत्रालय और पुलिस को सतर्क कर दिया है। चारों ओर इतने सारे खतरों के साथ, जब आप इस कार को लावारिस पार्क करते हुए देखें तो अतिरिक्त सावधान रहें। खासकर आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस को भी अलर्ट किया गया है। सिंगापुर के हाई कमिश्नर सिमोंग वोंग ने ट्वीट करके अलर्ट किया है, जो भारत में राजदूत हैं। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी एयरपोर्ट देवेश महेला ने बताया की जानकारी आई है और पुलिस अलर्ट है। लगातार हम लोग इसकी जांच कर रहे हैं और पिकेट लगाकर लगातार छानबीन भी कर रहे हैं।



# एम्स में भर्ती मरीज के तीमारदार को भी मिलेगा बिस्तर

**नई दिल्ली :** एम्स के आईसीयू में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को भी जल्द आराम करने के लिए बिस्तर उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही प्रतीक्षा क्षेत्र में सुविधा बढ़ाई जाएगी। इसे लेकर एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने आदेश जारी किया है। निदेशक के आदेश में कहा गया कि बीते दिनों निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आईसीयू में भर्ती मरीजों के परिचारकों के लिए समर्पित प्रतीक्षा क्षेत्र हैं। लेकिन उक्त प्रतीक्षा क्षेत्र का उचित रखरखाव नहीं हो रहा। इन प्रतीक्षा क्षेत्रों में परिचारक रातभर रहते हैं। लेकिन यहां केवल कुर्सियां और बेंच हैं। जिस कारण परिचारक फर्श पर सोते हुए पाए जाते हैं। इसके अलावा पीने के पानी, पुरुष और महिला शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी कमी है।




इसे देखते हुए निर्णय लिया गया है कि एम्स के सभी आईसीयू से जुड़े प्रतीक्षा क्षेत्र में सुविधा बढ़ाई जाएगी। इन प्रतीक्षा क्षेत्र को वातानुकूलित बनाया जाएगा। बेसिक अटेंडेंट कुर्सी सह बिस्तर (गैर-इलेक्ट्रिक) (कम से कम एक प्रति आईसीयू बिस्तर) उपलब्ध करवाया जाएगा।

# डीडीए की सबसे बड़ी आवासीय परियोजना के लिए रजिस्ट्रेशन आज से शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की अब तक की सबसे बड़ी आवासीय योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आज से शुरू हो गई। इस योजना के तहत आवेदकों को द्वारका, लोकनायकपुरम और नरेला में बने फ्लैट्स आवंटित किए जाएंगे। इस योजना के तहत एलआइजी और ईडब्ल्यूएस के फ्लैटों का पंजीकरण होगा।

**पहले चरण में इन फ्लैट्स के लिए पंजीकरण:** पहले चरण के 28 हजार फ्लैटों में द्वारका सेक्टर-19 बी में 728 ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सेक्टर-14 में 316 एलआईजी फ्लैट और 1008 ईडब्ल्यूएस फ्लैट शामिल हैं। लोकनायक पुरम में 224 ईडब्ल्यूएस फ्लैट शामिल हैं।



**'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर आवंटन:** इसकी पूरी प्रक्रिया दो चरणों में पूरा होगी। पहले चरण के तहत 28 हजार जबकि दूसरे चरण के लिए 1100 फ्लैट्स आवंटित किए जाएंगे। पहला चरण पूरा होने के बाद नवंबर के आखिर में लग्जरी फ्लैटों का दूसरा चरण लॉन्च होगा। ये फ्लैट्स 'पहले आओ पहले पाओ' के तहत ई-नीलामी करके आवंटित होंगे।

**आवेदकों को 20 दिन का मिलेगा समय:** एक बार पंजीकरण होने के बाद आवेदकों को कम से कम 20 दिन का समय दिया जाएगा, ताकि वे फ्लैट जाकर देख सकें।
ई-नीलामी वाले फ्लैटों में एमआइजी, एचआइजी, सुपर एचआइजी और पेंट हाउस शामिल हैं। फ्लैट देखने के बाद खरीदार अपनी लोकेशन और ब्लॉक को भी तय कर सकते हैं।

# दिल्ली में आपसी रंजिश में चाकू गोदकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अमन विहार इलाके में गुरुवार रात आपसी रंजिश में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने युवक की जांघ में चाकू मार कर उसे घायल कर दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि ज्यादा खून निकलने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से चार घंटे में ही मुख्य आरोपी की पहचान कर उसे दो नाबालिग साथी के साथ पकड़ लिया है। आरोपी पर पहले से चोरी के चार मामले दर्ज हैं।

# रातोंरात अमीर बनना चाहता था हलवाई, फिर बन गया दिल्ली पुलिस का 'इंस्पेक्टर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सागरपुर थाना क्षेत्र में एक हलवाई दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर बन गया। वह रौब दिखाकर लोगों से मोटी रकम ऐंठता था। शख्स का नाम लक्ष्मी नारायण शर्मा है। पुलिस ने शख्स को फर्जी पुलिस बनकर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। इसके कब्जे से पुलिस ने दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर रैंक की वर्दी बरामद की गई है। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि एक शख्स ने कहा खुद को सागरपुर थाना एडिशनल एसएचओ बताकर रुपये और चेक ले लिए। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस, लोकल इंटेलिजेंस और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू किए। आरोपित की पहचान के बाद उसे पुलिस टीम ने दबोच लिया।



**आर. के. शर्मा के नाम का बनवाया था नेम प्लेट :** जिस समय हलवाई का काम करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया, वह उस समय दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर की वर्दी पहन रखी थी। वर्दी पर आर.के. शर्मा की नेम प्लेट भी लगी थी। पुलिस टीम ने जब उसे उसकी पहचान सत्यापित करने को कहा तो वह इसमें असफल रहा। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह कैटरिंग का काम करता है।

**जल्दी अमीर बनना चाहता था शख्स:** उसने बताया कि जल्दी अमीर बनने की चाह में वह दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर की वर्दी पहने कर लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम देने लगा। आरोपित के खिलाफ किशनगढ़ थाने में पहले से एक मामला चल रहा है। यह भी पता चला है कि आरोपित पिछले कई महीनों से अपने आप को सागरपुर थाने का एडिशनल एसएचओ बताकर और लोगों के बीच रौब झाड़ता था और लोगों को टेंडर दिलाने के नाम पर उनसे पैसे भी वसूलता था।


# टर्मिनल-2 से उड़ेंगी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें, यात्रियों की बढ़ेगी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली एयरपोर्ट पर एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। टर्मिनल-2 को अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल में बदल दिया जाएगा। क्योंकि टर्मिनल-1 पर फरवरी 2024 के अंत तक विस्तार का काम पूरा होने की उम्मीद है। जिससे एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ बढ़ जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक, एयरपोर्ट पर यात्री ट्रैफिक 70 मिलियन यानी सात करोड़ से अधिक को पार कर जाएगा और अगले साल फरवरी के अंत तक टर्मिनल-1 के विस्तार को पूरा करने की उम्मीद है। जिससे घरेलू हवाई यात्री में बढ़ोतरी होगी। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार जानकारी देते हुए बताया कि हैंडलिंग क्षमता 23 मिलियन तक बढ़ गई है। अभी वर्तमान में, टी2 घरेलू उड़ानों के लिए है और इसकी यात्री प्रबंधन क्षमता 15 मिलियन है।

# मदर डेयरी, पतंजली, अमूल, मिल्क फूड की नकली फैक्टरी का पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
द्वारका जिला के डिस्ट्रिक्ट इन्वेस्टिगेशन यूनिट एंड इंटेलीजेंस की पुलिस टीम ने कई नामी कंपनियों के नाम का नकली घी बनाकर मार्केट में सप्लाई करने के मामले का खुलासा करते हुए भारी मात्रा में अलग-अलग कंपनियों के नकली घी जब्त किया है। मौके से काफी मात्रा में बने हुए घी, रॉ मटेरियल और घी को बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सामानों को जब्त किया गया है। इसकी पुष्टि डीसीपी द्वारका एम हर्षवर्धन ने की है। जो यहां पर नकली घी बनाए जा रहे थे और जो वहां पर समान मिले हैं। उनमें मदर डेयरी के, मिल्क फूड के, पतंजलि के, नक्श डेयरी के और वनस्पति घी के प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस फर्जी फैक्ट्री के बारे में जानकारी मिलने पर डीआईयू और विजिलेंस की टीम ने नजफगढ़ के पास दिचाऊ कला में छापा मारा था। जहां पर यह गोरख धंधा चल रहा था। वहां से नकली घी बनाकर उसे आधा किलो और एक किलो के पैकेट में भरने वाले अलग-अलग ब्रांड के डब्बे भी मिले हैं। वहां पर मौजूद दो काम करने वालों से पुलिस टीम ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यह फैक्ट्री सुमित नाम का शख्स चलाता है। वह जगह उसके चाचा उम्मेद सिंह का है। पूछताछ की गई और कागजात मांगा गया घी बनाने को लेकर तो कोई डॉक्यूमेंट नहीं दे पाए। उसके बाद पुलिस ने इस मामले में 63/65 कॉपीराइट एक्ट के तहत बाबा हरिदास नगर थाने में एफआईआर दर्ज किया है। फैक्ट्री के ओनर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार मौके से मदर डेयरी कंपनी के 4900 पैकेट, 120 कार्टून मदर डेयरी के बने हुए घी, पतंजलि घी के 231 खाली पैक, अमूल घी के 100 से ज्यादा कार्टून और उसके लेवल के अलावा मिल्क फूड के 132 टेट्रा पैक बॉक्स, 23 कार्टून नक्श डेयरी के भी घी के 100 से ऊपर कार्टून और वनस्पति घी के भी काफी संख्या में भरे हुए कार्टून और खाली कार्टून मिले हैं।




### 2019 से दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त कर दी थी...

# कई रूटों पर महिला यात्रियों की संख्या 50 फीसदी तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में 2019 से सरकारी बसों में महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त है। इसका असर यह हुआ है कि बसों में कई रूटों पर महिला यात्रियों का औसत 50 प्रतिशत तक पहुंच जा रहा है। यह प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार बसों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें बढ़ाने पर विचार कर रही है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने परिवहन आयुक्त आशीष कुंद्रा से सभी पहलुओं पर विचार कर इस बारे में संभावनाएं तलाशने के लिए कहा है। उन्होंने आयुक्त से पूछा है कि बसों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कितनी तक बढ़ाई जा सकती है और इस मामले में कोई तकनीकी पहलू तो आड़े नहीं आ रहा है। दिल्ली में सरकार के अंतर्गत चल रहीं बसों की संख्या 7300 से ऊपर है। डीटीसी और क्लस्टर बसों को मिलाकर 40 लाख से अधिक यात्री प्रतिदिन बसों में यात्रा करते हैं।



पूर्व में बसों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों का औसत 25 प्रतिशत तक रहता था। उस लिहाज से बसों में कुल सीटों में महिलाओं के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई थीं।

**प्रतिशत की बात**

**8 पूर्व में बसों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों का औसत 25 प्रतिशत तक रहता था।**

**कई रूटों पर 50 प्रतिशत तक बढ़ती है संख्या:** उस समय सरकार भैया दूज और रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए बसों की यात्रा मुफ्त रखती थी। मगर 2019 से दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त कर दी है।

# सरस्वती नदी पर विकास कार्य में खर्च होगा 3 करोड़ का बजट: धुमन सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा सरस्वती धरोहर** विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि थानेसर में सरस्वती नदी के विकास पर 3 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस पवित्र सरस्वती नदी पर एक तरफ का कार्य प्रथम चरण में पूरा किया जाएगा। इस प्रथम चरण में नदी के एक तरफ 3.5 किलोमीटर तक के कार्य को पूरा किया जाएगा। इस परियोजना से आसपास की कॉलोनियों के हजारों लोगों को फायदा होगा। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच शुक्रवार को खेड़ी मारकंडा में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के अधीक्षण



अभियंता अरविंद कौशिक ने विधिवत रुप से सरस्वती नदी पर खेड़ी मारकंडा से मोहन नगर तक करीब 3.5 किलोमीटर के विकास कार्य का शुभारंभ किया। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि खेड़ी मारकंडा से लेकर मोहन नगर तक सरस्वती नदी के एक तरफ के हिस्से को मजबूत और पक्का किया जाएगा। इस कार्य को बरसातों के सीजन से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक तरफ के हिस्से को मजबूत करने के उपरांत दूसरे हिस्से को भी मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले बरसात के सीजन में लोगों बरसाती पानी से निजात मिलेंगी, जब सरस्वती नदी के किनारे पक्के और मजबूत होंगे तो पानी बाहर नहीं आएगा और ना ही नदी का कोई किनारा टूटने का खतरा रहेगा। इस नदी से गाद निकालने का कार्य भी किया जाएगा। यह गाद काफी समय से नहीं निकाली जा सकी है। इससे सरस्वती नदी की पूर्णतः सफाई भी संभव हो सकेगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड की तरफ से धीरे-धीरे सरस्वती नदी के आगे वाले हिस्सों को भी मजबूत और पक्का किया जाएगा। इससे सरस्वती नदी का सौंदर्यीकरण भी होगा और लोगों को बाढ़ के पानी से भी डर नहीं लगेगा। इस परियोजना से खेड़ी मारकंडा, राणा कॉलोनी, मोहन नगर, वशिष्ठद्द कॉलोनी के लोगों को फायदा होगा।

# भारतीय संस्कृति का व्यापक चिंतन पूरे विश्व के लिए अनूठी देन: वैद्य हरिशंकर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्रीकृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षारंभ कार्यशाला के दूसरे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व में गुजरात, जामनगर आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति रहे वैद्य हरिशंकर शर्मा द्वारा भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत देश में शिष्य उपनयन संस्कार परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। जिसका अर्थ है गुरु शिष्य का परस्पर नजदीक आना। गुरु अपने शिष्य को संस्कार और अक्षर दोनों का ज्ञान देता है, जो मानवता के कल्याण का आधार बनता है। यह भारतीय संस्कृति का व्यापक चिंतन पूरे विश्व के लिए अनूठी देन है। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। व्यक्ति को जीवन पर्यन्त एक विद्यार्थी की भूमिका में रहना चाहिए। इसके



साथ ही मन को संयम में रखते हुए जीवन में कठोर नियमों का पालन करें और जैसे सुई में धागा पिरोते वक्त एकाग्र होना पड़ता है उसी तरह विद्यार्थी को लगन के साथ पढ़ाई करनी चाहिए, तभी वह कामयाब होता है। वहीं कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि गुरु का स्थान देवता से भी ऊंचा होता है। जो शिष्य के दोषों को दूर कर अन्धकार से प्रकाश का मार्ग दिखाता है। इसलिए अगर जीवन में आगे बढ़ना है, तो गुरु का सम्मान अवश्य करें। इसके साथ ही गुरु भी समय-समय पर अपने शिष्यों की परीक्षा लेता रहता है और जो परीक्षा पर खरा उतरता है, उसे ही अपना शिष्य स्वीकार करता है। इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक डॉ. अनिल शर्मा, सदस्य डॉ. कृष्ण कुमार और डॉ. मनीषा खत्री उपस्थित रही।

# 'आमजन के सहयोग से ही अपराधिक घटनाओं को रोका जा सकता है'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) पुलिस अधीक्षक** श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निर्देश पर डीएसपी पेहवा श्री रजत गुलिया ने बैंक, ज्वैलर्स शॉप व पेट्रोल पंप की सुरक्षा के मध्यनजर शुक्रवार को पुलिस लाईन के सभागार में जिला के बैंक अधिकारियों, ज्वैलर्स शॉप व पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निदेशानुसार उप पुलिस अधीक्षक पेहवा श्री रजत गुलिया ने पुलिस लाईन मे बैठक में जिला के बैंक प्रबंधकों, ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रधान, दुकादारों व पेट्रोल पंप संचालकों से रूबरू होते हुए बैंक, एटीएम परिसर, कैश वैन, ज्वैलर्स शॉप व पेट्रोल पंप पर किये गए सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बैंक व पेट्रोल पंप पर पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण नंबरों की सूची लगवाएं। इसके साथ ही बैंक, ज्वैलर्स शॉप व पेट्रोल पंप पर हाई रैज्योलूशन के कैमरे लगवाऐं। जिसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकार्डिंग सुरक्षित रहे। कैमरों की फुटेज साफ होगीं तो अपराधियों की पहचान करने तथा उनको पकड्ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि बैंकों व पेट्रोल पंप पर होने वाली आपराधिक वारदातों को रोकने के लिए बैंकों व पेट्रोल पंप संचालकों का सहयोग बेहद जरूरी है। बैंक अधिकारियों से अनुरोध है कि बैंक के सुरक्षा गार्ड बारे सम्पूर्ण जानकारी नजदीकी थाने में अवश्य दें ताकि जरूरत के समय आपस में संपर्क हो सके। इसके अलावा बैंकों में सुरक्षा मानकों की समय-समय पर जांच अवश्य करवाऐं। कैश को लाने ले जाने में सुरक्षा के सभी मानकों की पालना करें। ज्यादा कैश देने पर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित करें ताकि सुरक्षा व्यवस्था समय पर उपलब्ध करवाई जा सके।

# नगर पालिका ने सड़को से हटाया अतिक्रमण

**खरखौदा/ सोनीपत/ सोमपाल सैनी**
**खरखौदा नगरपालिका** की टीम ने शुक्रवार को अतिक्रमण अभियान के तहत शहर से अतिक्रमण हटाया। शहर के दिल्ली चौक से शुरू करते हुए कार्रवाई का बस स्टैंड और फिर वापिस दिल्ली चौक होते हुए सब्जी मंडी के पास खत्म किया गया। खरखौदा में शहर की सड़कों पर जाम का हटाने व नालों को साफ करने के लिए नगरपालिका की तरफ से अतिक्रमण हटाया गया, इससे पहले नपा ने शहर में मुनादी करवाई थी। मुनादी के अनुसार समय पूरा होने पर नपा सचिव ने अपनी टीम को साथ लेकर कार्रवाई को अंजाम



दिया। 2 दिनों का समय नपा सचिव की तरफ से दुकानदारों को और दिया गया हैं।उनका कहना है कि जल्द ही दुकानों के आगे नालों पर बने चबूतरों को भी तोड़ा जाएगा। इससे पहले नपा सचिव द्वारा दुकानदारों को चेताया जा रह है । उनका कहना है कि दुकानदारों के दुकान के आगे बने चबूतरे हटाने के साथ ही दुकान के आगे लगाए गए शेड भी हटाने होंगे। इसके बाद नगरपालिका खरखौदा के सचिव संदीप गर्ग की अगुवाई में मैन सोनीपत रोड पर कार्रवाई करते हुए जो दुकानदार नाले के ऊपर स्लैब व रैम्प बनाए हुए थे । उनमें 2 बैंकों और 32 दुकानदारों के चालान काटते हुए 26 हजार के चालान काटे। इसके अलावा उन्होंने उन सभी दुकानदारों से अपील की है कि जिन्होंने नाले के ऊपर अपना सामान रखा हुआ था, ये फिर स्लैब या रैम्प बनाया हुआ था उन लोगो से अपील करते हुए उनको 2 दिन का समय दिया और उनको कहा कि 2 दिन के अंदर नालों के ऊपर जो स्लैब या रैम्प बना रखा है उनको हटा लो, नही तो 2 दिन के बाद जब नगर पालिका कार्रवाई करेगी तो उसका जो भी खर्चा होगा, उसका भुगतान खुद दुकानदार को देना होगा।

# केयू यूथ रेडक्रॉस की कार्यकारिणी समिति की वार्षिक बैठक सम्पन्न

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के यूथ रेडक्रॉस की कार्यकारिणी समिति की वार्षिक बैठक शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रतिनिधि व डीन स्टूडेंट्स प्रो. शुचिस्मिता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्व सहमति से वर्ष 2023-24 का बजट पास किया गया तथा वर्ष 2022-2023 की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में 2022-2023 सत्र के दौरान वाईआरसी द्वारा छात्र कल्याण हेतु कल्याणकारी योजनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों में हरियाणा राज्य के रेडक्रॉस के महासचिव के प्रतिनिधि रोहित शर्मा, जिला रेडक्रास संस्था कुरुक्षेत्र के सचिव कुलबीर मलिक, यमुनानगर रेडक्रॉस के सचिव रणदीप, पंचकुला रेडक्रॉस से सविता अग्रवाल, एसए जैन कॉलेज अम्बाला कैंट से प्रधानाचार्या डॉ. आभा अग्रवाल, डीवाईसीए निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया, आईआईएचएस के प्राचार्य प्रो. संजीव गुप्ता, वाईआरसी काउंसलर डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डॉ. जतिन कलोन व डॉ. संतोष कुमार उपस्थित रहे।

# मंगौली जाटान में लगेगा 46वां नि:शुल्क हैल्थ व आंखों का जांच शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन (दलबीर मलिक)लाडवा** हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी ओर से प्रत्येक सप्ताह में लाडवा हल्के के किसी न किसी में नि:शुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प व आंखो का जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसका हल्के की जनता भरपूर लाभ उठा रही है।



नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि 26 नवम्बर दिन रविवार को गांव मंगौली जाटान में ग्रामीणों के स्वास्थ्य को देखते हुए 46वां निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प व आंखो का जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दवाईयां व चश्में निःशुल्क वितरीत किये जाएंगे। कैम्प सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा।

# विद्यालय सौंदर्यकर प्रतियोगिता में आदर्श संस्कृति विद्यालय खैरी ने पाया प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)अपनी** सफलताओं और कीर्तिमान के नित नए आयाम स्थापित करने वाला राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी एक और पायदान ऊपर जा पहुंचा जब इस विद्यालय ने जिला स्तरीय मुख्यमंत्री सौन्दर्यकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौंदर्यकरण प्रतियोगिता के घोषित परिणाम ने गांव खैरी के साथ साथ पूरे विद्यालय में उत्सव सा माहौल बना डाला।परिणाम घोषित होते ही मानो बधाई संदेशों की बाढ़ सी आ गयी ।ग्राम खैरी के सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी को बधाई दी।प्रधानाचार्य जी ने समस्त स्टाफ सदस्यों और स्कूल प्रबंधन समिति(एस. एम. सी.) के सहयोग और कड़ी मेहनत को इस उपलब्धि का श्रेय देते हुए धन्यवाद दिया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सौन्दर्यकरण प्रतियोगिता अपने आप में एक अनूठी प्रतियोगिता है जो राजकीय विद्यालयों को हर क्षेत्र (शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक )में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती है।प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने



कहा कि जिला स्तर की इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके वो और उनका समस्त स्टाफ बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पूरे विद्यालय का गहनता से निरक्षण जिला अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी जी की अध्यक्षता में एक टीम ने किया था।इस टीम में जिला शिक्षा अधिकारी ,जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,सी. डी. पी. ओ तथा वन विभाग से अधिकारी सदस्य के रूप में उपस्तिथ थे।विद्यालय में एक भव्य प्रवेश द्वार है,जो इसे एक विशिष्ट पहचान देता है ।इसके साथ साथ 10'६ का सोलर पैनल हर समय निर्बाधित बिजली सुनिश्चित करता है। हरी घास ,लहराते वृक्ष और फूलों से सजी क्यारियां अद्वितीय द?श्य पेश करती हैं।शिक्षण सामग्री के रूप में विद्यमान विद्यालय की रंग बिरंगी दीवारें तथा विशालकाय ग्लोब अपने आप में एक विशिष्ट कलाकृति का नमूना है।विद्यालय का प्रत्येक कक्षा-कक्ष डिजिटल बोर्ड ,आधुनिक स्तर के बेंच ,समय सारणी,शिक्षण संबंधी चार्ट ,पर्याप्त रोशनी और पंखों से सुसज्जित है।विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से लैस विज्ञान ,कंप्यूटर ,टी. टी. एच ,एस्ट्रोनॉमी ,आई. टी ,(बी. वाई. ओ. डी.)आदि प्रयोगशालाएं भी है।प्रधानाचार्य तथा लिपिक कक्ष ,स्टाफ रूम,हजारों पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय ,मध्यान भोजन के लिए साफ सुथरी रसोई,विद्यर्थियों के लिए खाने की मेज,रिकॉर्ड रूम,विशालकाय हाल ,वाहन खड़े करने हेतु पार्किंग तथा शेड,विद्यार्थियों के लिए विद्यालय परिसर में कैंटीन,छह परतों वाली आधुनिक पानी की टैंकी,जल संरक्षण प्रणाली,सूखे तथा गीले कचरे का अलग अलग प्रबंधन,औषधीय पौधों से परिपूर्ण हर्बल पार्क,केंचुओं द्वारा निर्मित खाद बनाने की व्यवस्था,प्रार्थना सभा के लिए विशालकाय शेड आदि सुविधाएं इस विद्यालय को अन्य विद्यालयों की तुलना में उत्कृष्ट और सर्वोत्तम बना देती है। विद्यालय का प्रत्येक शौचालय न केवल स्वच्छ और साफ है बल्कि एक विशेष प्रकार के चार्ट से लैस है।

# संकीर्तन मंडल द्वारा मनाया गया श्री श्याम प्रकटोत्सव

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ पिपली(दलबीर मलिक) श्री श्याम नि:शुल्क संकीर्तन मंडल** द्वारा जी.टी.रोड़ स्तिथ गांव किशनपुरा के शिव मंदिर में वीरवार सांय खाटू श्याम प्रभु का प्रकटोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयोजक गोपाल गर्ग व अनिता गर्ग परिवार सहित सभी भक्तों ने श्याम जी का पूजन किया। गौरी-गणेश और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक सोमदत्त ने श्याम भजनों से समां बांधा। साथ ही श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। दिल की पतंग में साँवरे,बांध लो अपनी डोर.....,अट्ठारह डिब्बे लग गए



खाटू वाली रेल में.....,खाटू की नगरी में मेरे श्याम का बसेरा है....और श्याम धमाल पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम गाथा में बताया कि कलयुग में खाटू श्याम जी की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आयोजक गोपाल गर्ग ने खाटू श्याम जी के संपूर्ण जीवन चरित्र में बताया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे हैं,इन्हें तीन बाणधारी भी कहा जाता है। अपनी माता को दिए हुए वचन के अनुसार जो भी हार कर इनके दरबार में जाता है, उसकी यें पूरी सुनवाई करते हैं। श्याम आरती में आर्यन, योगेश, दीपक वत्ता,दया राम, पूजा, निशा, गुंजन और रोशनी सहित अन्य श्याम भक्त शामिल हुए।

# घर मे घुस कर दंपत्ति के साथ मारपीट

**गन्नौर। गांव** शेखपुरा में दीवार तोड़ने को लेकर एक व्यक्ति ने अपने बेटे व साथियों के साथ मिलकर चचेरे भाई के घर मे घुसकर अपने भाई व भाभी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी दे कर चले गए। पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर तहत मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में शेखपुरा गांव की सरिता ने बताया कि 22 नवंबर को उसके पति के ताऊ का लड़का बलराज अपने बेटे व दोस्तों के साथ उनके घर में आए। उन्होंने दीवार तोड़ने को लेकर उनके साथ मारपीट की।

# रोटरी क्लब शाहाबाद ने कल्याणा स्कूल के 25 छात्रों को बांटें स्वेटर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)राजकीय** उच्च विद्यालय कल्याणा में आज गरीब छात्रों को रोटरी क्लब की सहायता से 25 छात्रों को स्वेटर बांटी गई । स्कूल के पूर्व मुख्य अध्यापक प्रितपाल सिंह ढिल्लों रोटरी क्लब के सदस्य भी हैं । उनके प्रयास से हर वर्ष गरीब छात्रों को जर्सी बांटी जाती हैं। मुख्य अध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने छात्रों को बताया की सर्दी की शुरूआत हो चुकी है । छात्रों को स्वेटर डालकर आना चाहिए क्योंकि सर्दी आते और जाते वक्त ही अपनी चपेट में लेती है। मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने



बताया कि छात्रों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। परीक्षा का समय नजदीक आ गया है । अधिक से अधिक मेहनत करें । मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने विशेष तौर पर पूर्व मुख्य अध्यापक का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। इस मौके पर हर इकबाल , रेखा ,प्रवेश ,अनिल खन्ना ,गुरिंदर , शैलेंद्र व राजकुमार उपस्थित रहे।

# प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 में वार्षिक दो दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीरमलिक)किड्जी,किड्स** प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल,सेक्टर-3 कुरूक्षेत्र में 23नवंबर तथा 24 नवंबर को वार्षिक दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बारह से अधिक खेलों में अपनी प्रतिभा और सर्वांगीण कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों में खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा पहली के छात्रों के लिए ऑब्सटेकल रेस (बाधा दौड़), कक्षा दूसरी के छात्रों के लिए नीडल थ्रेड रेस ,कक्षा तीसरी के छात्रों के लिए लेमन रेस, कक्षा चौथी और




पांचवीं के लिए स्किपिंग रेस तथा सिंपल रेस का आयोजन किया गया तथा कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए रिले रेस तथा कक्षा पांचवी से आठवीं के विद्यार्थियों लिए खो-खो, लॉन्ग जंप तथा कबड्डी इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। निष्पक्षता के आधार पर विद्यार्थियों को प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्रदान किए गए। खेल प्रतियोगिता में ऑब्सटेकल रेस में पहली कक्षा के जसमीत, सिद्धांत,काव्यांश,युवराज विधि तथा कायना प्रथम स्थान पर रहे।बैलून चेयर रेस में कक्षा दूसरी से कृतमनवीर, नक्षित, शौर्य, अंबर तथा थ्रेड रेस में हरलीन तथा इशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से लेमन रेस में सानवी तथा दर्शिता तथा बैलून रेस में अभिजोत प्रथम स्थान पर रहे।कक्षा चौथी से स्किपिंग रेस में प्रथम स्थान पर अर्जुन द्वितीय स्थान पर करमजोत तथा मन्नत तथा तृतीय स्थान आरव ने प्राप्त किया।कक्षा पांचवी से स्किपिंग रेस में प्रथम स्थान पर हिमाक्षी तथा नवदीप तथा 100 मीटर रेस में आरव द्वितीय स्थानपर तथा जागृत तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर केजी के छोटे छोटे विद्यार्थियो ने पिरामिड तथा हर्डल रेस में तथा जूनियर केजी के छोटे-छोटे विद्यार्थियो ने बिस्किट रेस तथा बैग रेस में बढ़-चढ़कर भाग लिया।कबड्डी प्रतियोगिता में पांचवी से आठवीं कक्षा तक की छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान हेरिटेज तथा हेल्थ हाउस की छात्राओं का रहा तथा छात्र कबड्डी खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंटीग्रेशन तथा स्पोर्ट्स हाउस का रहा।इस मौके पर स्कूल प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी ने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें अच्छी सेहत प्रदान करते हैं, वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। खेल से बच्चों में ईमानदारी, नेतृत्व, शारीरिक रूप से स्वस्थ गुणों का विकास होता है। खेल प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## संपादकीय

# खेल में जय पराजय तो हैं जीवन के अल्पविराम

**क्रिकेट** भारत में एक बहुत पसंद किया जाने वाला खेल है और जब भी भारतीय टीम जीतती है, तो यह देशवासियों में जश्न और उत्साह का माहौल बना देता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो लोगों को मिलजुल करने और एक-दूसरे के साथ आनंद लेने का एक मौका प्रदान करती है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि खेल की सकारात्मकता को समझा जाए और हार की स्थिति में भी टीम का समर्थन किया जाए। खेल का मुख्य उद्देश्य होता है मैच का सही तरीके से खेलना, और विजय और हार के मोमेंट्स में सीखना और आगे बढ़ना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। क्रिकेट एक खेल है जिसमें हर टीम की स्थिति और प्रदर्शन पर निर्भर करता है। हर हार या जीत एक अलग खेल के परिणाम होते हैं ।

क्रिकेट में हार के बाद, टीम और उसके खिलाड़ी सीखें और सुधरने के लिए एक अवसर मिलता है। कई बार, एक हार का कारण तय करना सामान्य रूप से आसान नहीं होता है, क्योंकि कई कारक इस पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि विरोधी टीम का अच्छा प्रदर्शन, वायुमंडल की स्थिति, खेल के दौरान होने वाले चुनौतीयाँ, आदि। खेल में विजय या पराजय तो जीवन के अल्पविराम हैं कयदि जीत के क्षणों में अभिमान कर लिया तो यह जीत भी कोई मायने नहीं रखती और यदि पराजय के पश्चात अपनी गलतियों में सुधार कर लिया तो विजय के नवीन मार्ग खुल सकते हैं कयह जीवन चलने का नाम है और यहाँ कुछ भी यहाँ पूर्ण विराम नहीं हैं कजो लोग अतीत की हार में खोए रहते हैं वे यादों का आनंद लेते हैं । इससे पता चलता है कि कुछ लोगों को पिछले अनुभवों को याद करने में सांत्वना, खुशी या संतुष्टि मिलती है। यादें भावनात्मक मूल्य रख सकती हैं और पहचान की भावना में योगदान कर सकती हैं। पुरानी यादें एक शक्तिशाली भावना हो सकती हैं, और यादें आराम या खुशी की भावना प्रदान कर सकती हैं। जबकि जो लोग वर्तमान में खो जाते हैं, वास्तव में जीवन का आनंद वही ले सकते हैं । इस का तात्पर्य है कि सच्चे आनंद और संतुष्टि का अनुभव करने के लिए वर्तमान क्षण में पूरी तरह से डूब जाना आवश्यक है। हालाँकि यादों को संजोना सार्थक हो सकता है, लेकिन अतीत पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करते रहने से किसी भी कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न होने और वर्तमान में जीने की क्षमता को बाधित कर सकती है।

यदि हम भूतकाल की स्मृतियों में खोए रहते हैं तो भविष्य की ओर यात्रा में विघ्न उत्पन्न हो सकता है । बीते हुए समय में की गई त्रुटियों से कुछ सीख कर आने वाले काल को स्वर्णिम अवश्य किया जा सकता है । दूसरी ओर, अतीत के सबक या अनुभवों पर विचार किए बिना वर्तमान में बहुत अधिक तल्लीन रहने से सफलता के मार्ग में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अतीत के अपने रिश्तों नातों को याद कर, आज के सामजिक परिवेश में तुलना करके दुखी और अपने से लगने वाले रिश्तों से आघात मिल कर दुखी होने से अच्छा है उनसे स्वतः दूरी बना ली जाए क्यूंकि भौतिकता वाद के इस दौर में किसी से उम्मीद रखना स्वयं को छलावा देने सामान है । जहां छोटे एवं एकल परिवारों में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है वही आने वाली पीढी के लिए उन रिश्तों को आजीविका की दौड़ में चिरकाल तक निभा पाना असंभव सा होता जा रहा है ।

# सीमित अवधि का मानवीय संघर्ष विराम समझौता लागू



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

> "साथियों बात अगर हम समझौते पर अमेरिका इजरायल की टिप्पणियों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, मैं कतर के शेख और मिस्र के राष्ट्रपति के अहम नेतृत्व और इस समझौते पर पहुंचने में उनकी भागीदारी के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं।उन्होंने कहा, मैंइजराइल प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की उस प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं जिन्होंने इस समझौते को पूरी तरह से लागू करने और गाजा में निर्दोष फलस्तीनी परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता के प्रावधान सुनिश्चित करने के वास्ते एक विस्तारित विराम का समर्थन किया। यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई"

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर कुछ देशों में आपसी मनमुटाव के संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध का रूप धारण कर लिया है,जिसके पीछे पूरी दुनिया के देशों का पक्ष, विपक्ष समर्थन और न्यूट्रल के रहने से दुनियां तीन खेमों में बट गई थी है, जिसका परिणाम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते कदमों से पूरी मानव जाति चिंतित है। परंतु दिनांक 22 नवंबर 2023 को अमेरिका मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता का सराहनीय परिणाम मानवीय संघर्ष विराम समझौता जो अभी चार-पांच दिनों का है और पूरी संभावना है कि इसकी अवधि जरूर बढ़ेगी,उसने फिर एक बार दिखा दिया है कि आपसी वार्ता में दम है, यही वह अस्त्र है जिससे बढ़ती मानवीय जनहानि,प्राकृतिक संसाधनों का विनाश और भयंकर युद्ध के प्रकोप को रोका जा सकता है। एक ओर यह सफलता मिली है तो दूसरी ओर अब रूस-यूक्रेन युद्ध में भी यह प्रयास किए जाने चाहिए। चूंकि कूटनीतिक जीत के सफल नतीजे आए हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजराइल कैबिनेट ने मानवीय संघर्ष विराम समझौता 35/3 से पारित कर वार्ता से सफलता मिलने की कहावत पर मोहर लगाई है।

साथियों बात अगर हम इजराइल हमास युद्ध विराम के लिए मानवीय संघर्ष विराम समझौते की करें तो,बुधवार को सुबह कतर के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इसकी घोषणा की गई और इसे मिस्त्र, अमेरिका और कतर द्वारा मानवीय संघर्ष विराम के लिए की गई मध्यस्थता की वार्ता का नतीजा बताया।बयान में कहा गया है, युद्धविराम चार दिन का होगा। इसमें विस्तार की भी संभावना है।बयान के अनुसार, समझौते के तहत, इजराइल द्वारा पकड़े गए फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा कब्जे में लिए गए 50 बंधकों की रिहाई होगी। दोनों पक्षों द्वारा रिहा किए जाने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बाद के चरणों में रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या बढ़ सकती है। बयान के मुताबिक, इस समझौते से गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बढ़ेगी और युद्धविराम से बड़ी संख्या में मानवीय सहायता एवं राहत सामग्री आपूर्ति वाहनों के काफिलों को जाने की अनुमति मिल जाएगी जिनमें ईंधन की आपूर्ति भी शामिल है। इजराइल कैबिनेट बैठक से पहले जोर दिया



कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। इजराइल और हमास बुधवार को चार दिन के अस्थायी युद्ध विराम पर सहमत हो गए जिससे 150 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बनाए गए 50 लोगों की रिहाई होगी और क्षेत्र में मानवीय सहायता आपूर्ति की अनुमति मिलेगी।

साथियों बात अगर हम समझौते पर अमेरिका इजरायल की टिप्पणियों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, मैं कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति के अहम नेतृत्व और इस समझौते पर पहुंचने में उनकी भागीदारी के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं।उन्होंने कहा, मैंइजराइल प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की उस प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं जिन्होंने इस समझौते को पूरी तरह से लागू करने और गाजा में निर्दोष फलस्तीनी परिवारों की पीड़ा को कम करने के लिए अतिरिक्त मानवीय सहायता के प्रावधान सुनिश्चित करने के वास्ते एक विस्तारित विराम का समर्थन किया।यह घोषणा इजराइल के प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी के बीच आई है जिसमें उन्होंने कहा था, हमारे सभी लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा।तेल अवीव में करीब छह घंटे चली बैठक बुधवार को सुबह खत्म हुई। बैठक के बाद इजराइल कैबिनेट ने कतर, मिस्त्र और अमेरिका की मध्यस्थता वाले समझौते को तीन के मुकाबले 35 वोट से मंजूरी दी।

साथियों बात अगर हम इस समझौते में अमेरिका कतर मिस्त्र तुर्की के योगदान की करें तो, बाइडेन ने इस डील को संभव बनाने के लिए कतर के शेख और मिस्त्र के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। कतर पिछले समय में भू-राजनीतिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। बता दें कि अमेरिका हमास के साथ डायरेक्ट डील में शामिल न होकर कतर के जरिये इसमें साथ रहा। ऐसा इसलिए है क्योंकि इजरायली हमले में अमेरिकी नागरिक भी मारे गए थे, और कुछ अमेरिकी अभी हमास की कैद में हैं।कतर के प्रधान मंत्री ने रविवार को कहा था कि अस्थायी युद्धविराम के बदले में कुछ बंधकों को मुक्त करने का समझौता मामूली व्यावहारिक मुद्दों की वजह से रुका है और इसमें जल्द कामयाबी मिलेगी। वहीं सोमवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि उनका मानना ??है कि बंधकों को मुक्त करने का समझौता करीब है।जब उनसे पूछा गया कि क्या बंधक समझौता निकट है, तो उन्होंने कहा मुझे ऐसा विश्वास हैइस पीस डील के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों में मोसाद चीफ कतर की राजधानी दोहा के दौरे पर भी गए थे। यहां उनकी कई शीर्ष नेताओं से गुप्त मुलाकात हुई थी, लेकिन तब बात नहीं बनी थी। दरअसल इजरायली पीएम अपने रुख में किसी किस्म की नरमी का संकेत दुनिया को नहीं देना चाहते थे। वे हमेशा से यही कहते रहे कि वे अपने सभी 240 बंधकों की रिहाई चाहते हैं इसके अलावा वे हमास का खात्मा भी चाहते हैं। यही वजह है कि सीजफायर के बावजूद वे कह रहे हैं कि जंग को बंद समझना बकवास है। इस पीस डील को मुकाम पर पहुंचाने में कतर, मिस्त्र के अलावा तुर्किये ने भी अहम भूमिका निभाई है। तुर्किये कुछ मुस्लिम देशों के सीनियर अधिकारियों को मिलाकर बने ग्रुप में सक्रियता से काम कर रहा था। ये ग्रुप इजरायल हमास में सीजफायर के लिए सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों और दूसरे अहम देशों से बात कर रहा था। इस ग्रुप में तुर्किये, कतर, मिस्त्र, जॉर्डन, नाइजीरिया, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, फिलिस्तीन के विदेश मंत्री और प्रतिनिधि शामिल हैं।इजरायली पीएम को युद्ध विराम का फैसला लेने के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेनी पड़ी। कैबिनेट की मीटिंग शुरू होने से पहले पीएम ने कहा- आज रात हमारे सामने एक कठिन फैसला लेना है, लेकिन ये सही फैसला है। दरअसल उनपर बंधकों के परिवारों का दबाव है जो चाहते हैं कि उनके प्रियजन हमास की कैद से बाहर निकलें। लेकिन वे नरमी का कोई संकेत नहीं देना चाहते हैं. इधर बिना नरमी यानी कि युद्धविराम के हमास से बात बनने वाली नहीं है।कैबिनेट मीटिंग के दौरान इजरायल की विपक्ष ने सरकार को आगाह किया कि इस डील से हमास की कैद में मौजूद सभी इजरायली बंधकों को छुड़ाने की इजरायल की काबिलियत पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इसके अलावा हमास को मिटाने के इजरायल के मिशन को और भी जटिल बनादेगा। विपक्षी नेताओं ने कहा कि एक बार जंग को अस्थायी रुप से रोकने के बाद इसे फिर से शुरू करने में कई दिक्कतें आएंगी। उन्होंने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आइडीएफ युद्धविराम की मियाद खत्म होते ही और बंधकों के वापस आते ही फिर से जंग शुरू करेगा। चीन इस पीस डील को मुकम्मल कराने में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं था, लेकिन ब्रिक्स सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सीजफायर की मांग करके इजरायल पर नैतिक दबाव बना दिया था। इसके अलावा चीन ईरान के जरिये भी कहीं न कहीं इस मामले में अपनी बात रख रहा था। राष्ट्रपति ने कहा था फिलिस्तीन के प्रश्न के उचित समाधान के बिना मध्य पूर्व में कोई स्थायी शांति और सुरक्षा नहीं हो सकती। चीन एक अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन शीघ्र बुलाने का आह्वान करता है जो शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय सहमति बनाने और फिलिस्तीन के प्रश्न के शीघ्र समाधान की दिशा में काम करने के लिए अधिक व्यापक, न्यायसंगत और टिकाऊ हो।

## कविता

### जीवांत जीवन

बढो.गए जीवन में तो
उड़ते रहो गए
जीवांत पक्षी की तरह
नहीं तो टूट कर
बिखर जाओगी
किसी शाख के
मुझराये पते की तरह।
जीवांत हो तो
जीना पड़ेगा
सूर्य चांद की तरह
नहीं तो पड़े रहो गए
शमशान की
जली बुझी हुई
राख की तरह।
जीवांत हो तो
महकते रहो गए
किसी सुगंधित
फूलों की तरह
नही तो मुझरा जाओ गए
किसी टूटे बिखरे
फूल की तरह।

डॉ.राजीव डोगरा

# हिंदी भाषा साहित्य पर व्यवसाय की छाया-दृष्टि।

**वर्तमान** में हिंदी को वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद से जोड़ा गया है। और बीच-बीच में हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज चैनल में न्यूज एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 140 उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 140 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका,मॉरीशस,फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया,न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं। ऐसे में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी,वी, इंटरनेट, कंप्यूटर,व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है। डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था। इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल हृदय की विशाल भाषा है।

## विचार

# शुरूआती लोगों के लिए यूपीएससी की तैयारी के लिए संपूर्ण दिशानिर्देश

**विजय गर्ग**

यूपीएससी सीएसई भारत की सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक है। इसके लिए गहन तैयारी और एक अच्छी तरह से परिभाषित रणनीति की आवश्यकता होती है क्योंकि यह भारत में सबसे कठिन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक है, इसलिए इसमें विभिन्न विषयों की व्यापक समझ और विशाल पाठ्यक्रम से निपटने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इस लेख में, हमने विशेष रूप से यूपीएससी परीक्षा में सफल होने का लक्ष्य रखने वाले शुरूआती लोगों के लिए एक प्रभावी तैयारी रणनीति पर चर्चा की है। यूपीएससी सीएसई परीक्षा पैटर्न को समझना यूपीएससी की तैयारी शुरू करने से पहले परीक्षा पैटर्न को समझना जरूरी है। यूपीएससी सीएसई में तीन चरण शामिल हैं: प्रारंभिक परीक्षा (प्रारंभिक), मुख्य परीक्षा (मेन्स), और व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार)। प्रत्येक चरण आपके ज्ञान, योग्यता और व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं का परीक्षण करता है। आइए सभी चरणों की विस्तार से जाँच करें: यूपीएससी सीएसई प्रारंभिक परीक्षा (प्रारंभिक) प्रीलिम्स में दो वस्तुनिष्ठ प्रकार के पेपर होते हैं यानी सामान्य अध्ययन पेपर क(जीएस पेपर क) और सामान्य अध्ययन पेपर क्क(जीएस पेपर क्क या उरअळ)। जीएस पेपर क में इतिहास, भूगोल, राजनीति, अर्थशास्त्र, विज्ञान और करंट अफेयर्स के प्रश्न शामिल हैं जबकि जीएस पेपर क्कया उरअळ में रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, लॉजिकल रीजनिंग और क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड शामिल हैं। उरअळ क्वालीफाइंग प्रकृति का है जहां उम्मीदवारों को केवल 33% अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। यूपीएससी सीएसई मुख्य परीक्षा (मुख्य) यदि उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेते हैं तो वे मुख्य परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। मुख्य एक लिखित परीक्षा है जिसमें नौ पेपर होते हैं, जिनमें से सात पर अंतिम सूची तैयार करने के लिए विचार किया जाता है। इन पेपरों में निबंध लेखन, सामान्य अध्ययन और वैकल्पिक विषय शामिल हैं।

निबंध का पेपर विश्लेषणात्मक और लेखन कौशल का परीक्षण करता है, जबकि सामान्य अध्ययन का पेपर इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति, करंट अफेयर्स, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि जैसे विभिन्न विषयों की आपकी समझ का आकलन करता है। व्यक्तित्व परीक्षण (साक्षात्कार) यूपीएससी सीएसई का अंतिम चरण साक्षात्कार है। यह चरण सिविल सेवाओं में करियर के लिए उम्मीदवार के व्यक्तित्व, संचार कौशल, आत्मविश्वास और समग्र उपयुक्तता का मूल्यांकन करता है। शुरूआती लोगों के लिए यूपीएससी सीएसई तैयारी रणनीति एक बार जब आप यूपीएससी परीक्षा पैटर्न को समझ लेते हैं, तो एक अध्ययन योजना बनाने का समय आ जाता है ताकि तैयारी के लिए अधिकतम समय का उपयोग किया जा सके। नीचे हमने कई विशेषज्ञों से बात करने के बाद कुछ टिप्स लिखे हैं जिससे आपको एक प्रभावी योजना बनाने में मदद मिलेगी। सिलेबस को समझना तैयारी का पहला चरण यूपीएससी सीएसई के पाठ्यक्रम की जांच करना होना चाहिए। पाठ्यक्रम एक रोड मैप के रूप में कार्य करता है, जो आपको अध्ययन किए जाने वाले विषयों की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से मार्गदर्शन करता है। पाठ्यक्रम को ध्यान से पढ़ने में अपना समय लें, साथ ही विभिन्न विषयों और उनके उपविषयों पर भी ध्यान दें। एक अध्ययन योजना बनाना एक शुरूआत के तौर पर, एक संरचित अध्ययन योजना अधिकांश छात्रों की मदद करती है क्योंकि यह यूपीएससी की तैयारी की रीढ़ है। उम्मीदवारों को एक व्यापक अध्ययन कार्यक्रम बनाना चाहिए जिससे प्रत्येक विषय के लिए पर्याप्त समय मिल सके। सभी विषयों की संपूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने के लिए अध्ययन कार्यक्रम में दैनिक, साप्ताहिक और मासिक लक्ष्य निर्दिष्ट होने चाहिए। प्राप्त करने योग्य लक्ष्य निर्धारित करें अपने विषय के पाठ्यक्रम को आसान और प्रबंधनीय वर्गों में विभाजित करें और दैनिक, साप्ताहिक और मासिक लक्ष्य बनाएं जिन्हें आप वास्तव में प्राप्त कर सकें। यह रणनीति आपको प्रेरित रहने और आपकी प्रगति को कुशलतापूर्वक ट्रैक करने में मदद करेगी। सही अध्ययन सामग्री आपकी तैयारी के लिए उपयुक्त अध्ययन सामग्री का चयन करना महत्वपूर्ण है। चुनेअध्ययन मार्गदर्शिकाएँ, संदर्भ पुस्तकें और पाठ्यपुस्तकें जो टॉपर्स और पूर्व यूपीएससी चयनित उम्मीदवार सुझाते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# फटे होठों में तेल मालिश स्कून देगी

**शहनाज हुसैन**

सर्दियों में वातावरण में नमी की वजह से होठों का फटना आम बात है। लेकिन फटे होंठ जहां चेहरे पर बदसूरती का अहसास कराते है वहीं दूसरी ओर शारीरिक पीड़ा का कारण बनते है। सौंदर्य विशेषज्ञों का मानना है कि नारियल तेल, ऑर्गन तेल पर आधारित होठों के वाम, तथा लिपिस्टिक के प्रयोग से होठों को फटने से बचाया जा सकता है। होंठ चेहरे की सुन्दरता में अहम भूमिका अदा करते है। आपसी वातार्लाप में सामान्यता होंठ आपसी आकर्षण का केन्द्र बनते है। होंठ चेहरे की बनावट में आंखों तथा नाक की तरह महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। होठों की सुन्दरता से चेहरे का आभा तथा निखार को चार चान्द लग जाते है।

सर्दी के मौसम में नमी की कमी के इलावा शरीर में पोषाहार तत्वों की कमी की वजह से भी होंठ फट जाते है। शरीर में विटामिन-ए, सी तथा बी-2 की कमी से कई बार होठों में दरारे आ जाती है तथा खून बहना शुरू हो जाता है। सर्दियों में अगर आपके होंठ लगातार फट रहे है तथा सामान्य घरेलू उपचारों द्वारा राहत नहीं मिल रही है तो आप बाहरी सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय अपने खान-पान पर ज्यादा ध्यान दीजिए। आप खट्टे फल, पका पपीता, टमाटर, हरी पत्तों वाली सब्जियां, गाजर, जैई तथा दूध वाले पदार्थो को जरूर शामिल कीजिए, लेकिन यदि आप डायबिटिज या उच्च रक्तचाप की समस्या से भी जूझ रहे हैं तो अपने डाईट में बदलाव से पहले डाक्टर से जरूर सलाह मशवरा कर लीजिए। अपने होठों पर साबुन या पाउडर के प्रयोग से परहेज कीजिए तथा होठों पर बाम तथा चिकनी लिपस्टिक का उपयोग कीजिए। होठों पर बादाम तेल या क्रीम लगाकर इसे रात्रि में लगा रहने दें। लिपस्टिक क्लीजिंग क्रीम या जैल से हटाइए। होठों को बालों या आयल गलैडस की प्रतिरक्षा प्राप्त नहीं होती जिससे वह शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा जल्दी शुष्क हो जाती है। सर्दियों में अपने होठों को जीभ से कतई मत चाटिए। इससे होठों में शुष्कता आने से फटने की सम्भावनायें बढ़ जाती है। होठों की कद्र करने से होठों की सुन्दरता बढ़ती है।

# संपूर्ण भारत में लगे प्रतिबंध

**मृत्युंजय दीक्षित**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन हिंदू समाज की आस्था की रक्षा करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद से ही प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें व एटीएस सक्रिय हो गई हैं, पूरे प्रदेश में छापामारी चल रही है और भारी मात्रा में अवैध रूप से प्रमाणित हलाल उत्पादों की जब्ती भी की जा चुकी है जिसके कारण अवैध रूप से हलाल प्रमाणन का गोरख धंधा करने वाले गिरोहों व संगठनों में खलबली मच गयी है वहीं समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल इसे मुस्लिम तुष्टिकरण नीति को धार देने के लिए प्रयोग करते दिख रहे हैं । एक अनुमान के अनुसार अवैध रूप से चल रहा हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा लगभग 3000 करोड़ से अधिक का है और इस धन का दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों व आतंकवादी संगठनों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। हलाल प्रमाणन का धंधा केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में चल रहा है और इस धंधे का भारत में आगमन 1974 में एक घृणित साजिश के तहत हुआ था। हलाल प्रमाणन की प्रक्रिया एक देश दो विधानवाली तथा संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। प्रदेश सरकार ने हलाल प्रमाणन के इस अवैध धंधे को पूरी तरह से रोकने के लिए लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर विभिन्न संगठनों पर एक एफआईआर दर्ज कवाई है, जिनमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली व लखनऊ, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई और कुछ अन्य कंपनियां शामिल हैं। भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है। ऐसे में देश की अधिकांश कंपनियां अपने उत्पादों के लिए हलाल सार्टिफिकेशन करवाती हैं। दुर्भाग्यवश भारत में हलाल प्रमाणन के लिए कोई सरकारी कंपनी नहीं है जिसके कारण यह ठग कंपनियां अनुचित व अवैध धंधा करने में कामयाब हो रही हैं। ये अकूत धन कमा रही हैं और उसे देश के विरुद्ध इस्तेमाल कर रही हैं । इन कंपनियों के सम्बन्ध अलग अलग आतंकवादी संगठनों से होने की आशंका है। उत्तर प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों पर प्रतिबंध से इस बेहद गम्भीर व खतरनाक विषय पर राष्ट्रव्यापी बहस आरम्भ हो गयी है।

## मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने किया देवड़ु रोड़ दौरा





**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**देवडु रोड** पर सीवरेज का गन्दा पानी ओवरफ्लो होकर चार दिन से नहर की तरह बह रहा था, यहाँ तक कि सड़क के नीचे-नीचे पानी दुकानों एवं मकानों में भी भरने लगा। नगर निगम के अधिकारियों की कुम्भकर्णी नींद तब टूटी जब मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, पार्षद मुकेश सैनी नागरिकों की गुहार के बाद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को तलब किया। सीवरेज के रख रखाव का काम देख रहे नगर निगम के एस०डी०ओ० देवेंद्र खासा, कनिष्ठ अभियंता रामकरण सुपरवाइजर राजपाल को नागरिकों ने हालात दिखाए। सड़क के साथ लगती दुकान में सोनू सैनी ने खराद की मशीनें लगा रखी हैं, इनकी दुकान में पानी पतनाले की तरह बह रहा है, प्रवीण कुच्छल के प्लाईवुड के गोदाम में फर्श के नीचे से पानी आने लगा है, इसी तरह माया देवी के मकान में भी पानी घुस गया। राजीव जैन ने अधिकारियों से कहा कि जब कोई मर जायेगा या बड़ा नुकसान हो जायेगा तब समाधान करोगे क्या? इस सड़क पर 6 बड़े स्कुल हैं जिनके स्कूली बच्चों को आवागमन में भी परेशानी हो रही है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि एक दिन में समस्या का समाधान करवा देंगे।

इसके बाद राजीव जैन कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, एस०डी०ओ० नरेंद्र कुमार, सुरेश लोहान के साथ राठधना रोड सिथत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया और बंद पड़ी तीसरी मोटर चलवाई जिससे पानी का स्तर घटना शुरू हो गया। उन्होंने एक अतिरिक्त मोटर की वयवस्था करने के निर्देश दिए ताकि कोई मोटर जल जाये तो गंदे पानी का शोधन होता रहे। शिकायत कताओं में शामिल राजेश सैनी, दिनेश, प्रदीप, सतपाल सिंह, बिजेंद्र, राजेश कुमार, हंसराज सैनी, सोनू, सुंदर ने चेतावनी दी की समस्या का हल नहीं हुआ तो हम धरना प्रदर्शन करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### अमेजन और डीजीएफटी ने समझौते पर किया हस्ताक्षर



**पानीपत। अमेजन इंडिया** ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सक्षम बनाने और देश से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस एमओयू के हिस्से के रूप में, अमेजन और डीजीएफटी, डीजीएफटी द्वारा चिह्नित 75 जिलों में चरणबद्ध तरीके से, एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण सत्र, प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का सह-संचालन करेंगे, जो मार्च '23 में पेश विदेश व्यापार नीति में उल्लिखित एक्सपोर्ट हब्स के रूप में जिले पहल के अंग हैं। इस पहल का उद्देश्य है, ग्रामीण और दूरदराज स्थित जिलों में स्थानीय उत्पादकों को ग्लोबल सप्लाय चेन से जोड़ना। श्री संतोष सारंगी (डीजीएफटी के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक), चेतन कृष्णास्वामी (उपाध्यक्ष, पब्लिक पॉलिसी - अमेजन) और भूपेन वाकणकर (निदेशक, ग्लोबल ट्रेड - अमेजन इंडिया) की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। अमेजन इंडिया में ग्लोबल ट्रेड के निदेशक भूपेन वाकणकर ने कहा, ह्लहमारा दृढ़ विश्वास है कि टेक्नोलॉजी को अपनाने से पूरे भारत में लाखों एमएसएमई के लिए निर्यात के अवसर खुलेंगे और एफटीपी'23 में ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट पर हाल में जोर दिया जाना, टेक्नोलॉजी-एनेबल्ड एक्सपोर्ट की गतिविधियों के लिए एक आशाजनक दौर की शुरूआत है। हम डीजीएफटी के साथ इस सहयोग को लेकर उत्साहित हैं और हम वास्तव में भारतीय एमएसएमई और उद्यमियों को मजबूत ग्लोबल ब्रांड बनाने में मदद करने में अपनी भूमिका निभाने को लेकर उत्सुक हैं। हम हर स्तर के व्यवसायों के लिए एक्सपोर्ट को सरल और अधिक सुलभ बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे है क्योंकि हम 2025 तक भारत से 20 बिलियन डॉलर के कुल ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को सक्षम बनाने के अपने लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं। श्री संतोष सारंगी, डीजीएफटी के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक - "एक्सपोर्ट हब्स के रूप में जिले पहल, हर जिले को एक्सपोर्ट हब में परिवर्तित करने के माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण का क्रियान्वयन है। हम देश भर में हर जिले की क्षमता का लांभ उठाने और एमएसएमई, किसानों और छोटे उद्योगों को विदेशी बाजारों में एक्सपोर्ट के अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकारों और निजी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। डीजीएफटी इन जिलों से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए, जिलों में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सत्र आयोजित करने के लिए विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के साथ सहयोग कर रहा है। विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के साथ इस तरह के पहले सहयोग में, डीजीएफटी 2030 तक भारत से 200-300 बिलियन डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात को सक्षम बनाने के हमारे लक्ष्य की दिशा में एक कदम के तौर पर अमेजन के साथ सहयोग कर रहा है।

### 3,000 कम-प्रिविलेज्ड छात्रों को फ्यूचरटेक नौकरियों के लिए किया तैयार



**नोएडा । भारत** के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत भर के आठ शहरों के 3,000 कम-विशेषाधिकार प्राप्त छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा और कोडिंग और प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी डोमेन में कौशल प्रदान किया है। उन्हें नौकरी के लिए तैयार करना और उन्हें प्रासंगिक नौकरी प्लेसमेंट दिलाने में मदद करना। छात्र सैमसंग के प्रमुख कार्यक्रम - सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत थे। इस कार्यक्रम के साथ, सैमसंग भारत का एक मजबूत भागीदार बनने और देश के युवाओं को सशक्त बनाने और डिजिटल इंडिया को मजबूत करने के अपने मिशन में सरकार के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहा है। सैमसंग में, हम युवाओं की शक्ति में विश्वास करते हैं और भारत के डिजिटल भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कुशल कार्यबल का एक पूल बनाने में योगदान देना चाहते हैं। सैमसंग इनोवेशन कैंपस के माध्यम से, हम युवाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं और भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में उनके लिए अवसर पैदा करना चाहते हैं, जिससे भारत की विकास गाथा को बढ़ावा मिलेगा और देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत होगी। हम इन छात्रों में ऐसी प्रतिभा और क्षमता देखकर बहुत खुश हैं जो अब हमारे आसपास की दुनिया को डिजिटल रूप से बदलने के लिए तैयार और कुशल हैं, ह्लसैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष, श्री ह्यून किम, ने कहा।

### कुण्डली की पुलिस टीम ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया। जिले** के थाना कुण्डली की पुलिस टीम ने चोरी करने की घटना में संलिप्त चार आरोपी गिरफ्तार किये है। गिरफ्तार आरोपी विशाल पुत्र मोहन लाल सेठ, माया पटेल उर्फ संदीप पटेल पुत्र जयप्रकाश पटेल, सुरज बनवासी पुत्र संतोष व सुरेन्द्र पटेल उर्फ सुर्या पटेल पुत्र जगदीश पटेल वासी जुआपुर उत्तरप्रदेश के रहने वाले है। इस प्रकरण में विस्तृत जानकारी देते हुये बतलाया कि गत 16 अक्टुबर को सतीश कौशिक पुत्र श्री मोहन लाल गाँव भूरी हाल मैनेजर पेनासोनिक वेयर हाउस सेरसा ने थाना कुण्डली में एक शिकायत दी थी कि दिनांक 13.10.23 को शाम के समय वेयर हाऊस के सभी ताले लगाकर छुट्टी करके घर चला गया था 14 और 15 तिथि का शनिवार व रविवार था मै 16.10.23 को वेयरहाऊस आया तो मैने देखा कि वेयर हाऊस की पिछली दीवार से दीवार की ईन्टें तोडकर रिमोट-4 , कैमरा एण्ड 25 , ब्युटी प्रोडक्ट-24 , कैमरा लैन्स-3 , प्रैस-3 , सैन्सर रिले-50 , , कोई नाम पता ना मालुम व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

## जिला में जमीन के नए कलेक्टर रेट को लेकर जल्द मांगे जाएंगे दावे व आपत्ति



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल** । जिला महेंद्रगढ़ में जल्द ही जमीन के नए कलेक्टर रेट का निर्धारण करने से पहले आमजन से दावे व आपत्ति आमंत्रित किए जाएंगे। इसी संबंध में आज उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने राजस्व विभाग सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली। डीसी ने कहा कि नियमानुसार सभी तरह की जमीन के रेट निर्धारित करने के बाद आम जनता से दावे व आपत्ति आमंत्रित किए जाएंगे। ये रेट की सूची जिला महेंद्रगढ़ की आफिशियल वेबसाइट पर डाली जाएगी। निर्धारित समय सीमा के अंदर दावे व आपत्ति पर विचार किया जाएगा। इसके बाद रेट फाइनल किए जाएंगे।
इस मौके पर एसडीएम महेंद्रगढ़ हर्षित कुमार, एसडीएम नारनौल मनोज कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार व जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## हरियाणा उदय के तहत गांव का किया भ्रमण

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आज दिनांक** 24/11/23 को गांव किलोडद थाना सदर सोनीपत में माननीय डीसीपी श्री विजय सिंह एसीपी जीत सिंह प्रेहरी/सहायक प्रहरी ,थाना प्रबंधक सदर निरीक्षक कर्मजीत , के साथ गांव में भ्रमण किया गया और गांव के वृद्ध,महिला और अन्य गणमान्य व्यक्तियों और लड़को से मुलाकात की। गांव में सभी को प्रहरी के बारे में बताया और कहा गया की आपके गांव का प्रहरी , गांव की कोई भी समस्या हो चाहे वृद्ध को या महिला बच्चे,लड़कियों को तो आप तुरंत अपने प्रहरी ऊक्त को बताए। प्रहरी के माध्यम से आप को भी सूचना दे सकते जिसमे कोई नशा तस्कर और अन्य अवैध धन्धो में शामिल हो । जो सूचना देगा उसका नाम गोपनीय रखा जायेगा । गांव में शराब पीकर परिवार बच्चों के साथ को झगड़ा या मारपीट करता है उसकी सूचना आप तुरंत प्रहरी को दो। महिलाएं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए उनके मोबाइल में डायल 112 एप को डाउनलोड करने बारे और इसकी महत्त्वता के बारे में जागरूक किया गया । बुजर्ग व्यक्तियों से बातचीत की गई और उनसे पूछा गया की आपको आपका परिवार ठीक से देखभाल कर रहा है या नहीं तो मौजूद बुजुर्गों ने कहा हम बिलकुल संतुष्ट है। इसके अतिरिक्त गांव के सभी गणमान्य व्यक्तियों को ये भी कहा गया की आपके क्षेत्र में आईएमटी का प्लांट लग गया है । इसमें बहुत सी तकनीकी ट्रेड की नौकरियां मिलेगी । इसके लिए आप अपने बच्चो को ज्यादा से ज्यादा आईटीआई डिप्लोमा करवाओ ताकि तकनीकी ट्रेड की नोकरिया आपके बच्चो को मिल सके । इसके अतरिक्त उनको ये भी कहा की जिनका आईटीआई में दाखिला नहीं हो रहा इसके लिए प्रहरी को बताओ ताकि प्रहरी के माध्यम से हमे पता लगे और हम इनका विभाग से तालमेल करके इनका दाखिला करवा सके। बच्चो का रुझान आईटीआई करने में होगा और फिर रोजगार के अवसर से ये बच्चे क्राइम की दुनिया से बच जायेंगे। इसके अतरिक्त बैंक फ्रॉड बहुत बढ़ गए है शातिर लोग आपको लिंक भेजकर आपके खाते की डिटेल मांगते है उनसे बचें और कोई किसी के साथ फ्रॉड होता है तो इसके लिए तुरंत 1930 पर कॉल करके जानकारी दे। प्रहरी अब अपने अधिकार के गांव में हर तीन दिन बाद विजिट करेगा । गांव में होने वाले हर अपराध और अपराधी या सेस्पेक्टेड पर निगरानी रखेगा । प्रहरी एप में गांव की हर जनसंख्या, सक्रिय अपराधी, नशा तस्कर, अन्य अपराध करने वाले, पूर्व में गांव में गांव में हुए।

## नेक्सस अमृतसर मॉल द्वारा ब्लैक फ्राईडे सेल की घोषणा



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**देश** के सबसे बड़े रिटेल प्लेटफार्म नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स ने अपनी ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है जिस कड़ी में नेक्सस अमृतसर ने भी अपने ग्राहकों को यह ढेरों सौगात पेश की है। नेक्सस अमृतसर में 24 नबवंर से 26 नवंबर तक व्यापक आफर्स और डील्स उपलब्ध हैं।
इस ब्लैक फ्राइडे सेल के दौरान पचास के अधिक ब्रांडों ने सीमित अवधि के लिये पचास फीसदी की छूट की घोषणा की है। वर्षो से नेक्सस अमृतसर अपने स्थानीय ग्राहकों को नित नई सौगातें पेश करता रहा है और इसी कड़ी में ब्लैक फ्राईडे सेल भी शामिल है।

## पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत ने किया एक शस्त्र लाईसैंस रद्द

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस** आयुक्त सोनीपत श्री बी. सतीश बालन आई.पी.एस. के निदेर्शानुसार पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सोनीपत एवं आर्मस लाईसैंस अथ्योरिटी सोनीपत श्री विरेन्द्र सांगवान एच.पी.एस ने सख्ती दिखलाते हुए एक शस्त्र लाईसैंस को रद्द किया है। शस्त्र लाईसैंस वेदप्रकाश पुत्र सतबीर वासी गुमड रोड, गन्नौर जिला सोनीपत के नाम था। इस प्रकरण में विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनांक 03.05.2023 को थाना सिविल लाईन सोनीपत में 142/2023 हत्या की कोशिश करने का अभियोग दर्ज हुआ था।

## जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के थाना शहर सोनीपत की पुलिस ने गोली मारकर जानलेवा हमला करने की घटना मे संलिप्त दो और आरोपी गिरफ्तार किये है। गिरफ्तार आरोपी सिलकराम उर्फ सिल्ला पुत्र रामेहर वासी जौली जिला सोनीपत व सुशील उर्फ सिल्ला पुत्र रामफल वासी लाठ जिला सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 15 नवम्बर को पुनम पत्नी प्रवीन वासी अशोक विहार सोनीपत ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी थी कि आज शाम को मेरे घर की घण्टी बजी। मेरा पति नीचे आया और गेट खोला तो मोहल्ले में रहने वाले राजेश नैन और उसके साथी बिजेन्द्र दोनों बाहर खडे थे। और दरवाजे के पास आते ही राजेश नैन ने मेरे पति की छाती में गोली चला दी। जो मेरे पति की ऊँ२३ में लगी।
मेरे पति गिर गए और गोली चलाकर राजेश नैन अपने साथियों के साथ भाग गए। राजेश के साथ गाडी में 3-4 आदमी और थे। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना शहर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना शहर सोनीपत की अनुसंधान टीम मे नियुक्त सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त तीन आरोपी बिजेन्द्र पुत्र कंवरभान वासी शास्त्री कालोनी सोनीपत, राजेश पुत्र धर्मपाल वासी अशोक विहार सोनीपत व संबन्ध पुत्र भानेराम वासी गुहणा जिला सोनीपत को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिये गये थे। अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त दो और आरोपी सिलकराम उर्फ सिल्ला पुत्र रामेहर वासी जौली जिला सोनीपत व सुशील उर्फ सिल्ला पुत्र रामफल वासी लाठ जिला सोनीपत भी गिरफ्तार किये है।

## '18 साल की उम्र पूरी करने वाले सभी युवा बनवाएं अपनी वोट'

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी 24 और 25 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत लोगों के दावे व आपत्ति प्राप्त करने के लिए सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2024 तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र पूरी करने वाले सभी युवा अपना वोट अवश्य बनवाएं, ताकि हम मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने में अपनी भूमिका अदा कर सके। उपायुक्त ने युवाओं का आह्वान किया कि जिस युवा की आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक होगी वह फार्म नंबर 6 भरकर 24 व 25 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर बीएलओ के पास अवश्य जमा करवाएं ताकि आपकी वोट बन सके। इसके अलावा एनआरआई मतदाता वोट बनवाने के लिए फार्म नंबर 6 ए, आधार से वोट कार्ड को लिंक करने के लिए फार्म 6बी, मतदाता द्वारा अपनी वोट कटवाने हेतु फार्म नंबर 7 तथा बनी हुई वोट में शुद्धि हेतु फार्म नंबर 8 भर कर जमा करवा सकते हैं। ये अलावा जिलावासी स्वयं भी नई वोट बनवाने व वोट से संबंधित अन्य कार्य कर के लिए पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप का भी इस्तेमाल कर आवेदन कर सकता है।
डॉ मनोज कुमार ने बताया कि जिला पार्षद व ब्लॉक समिति सदस्य जिनके अधिकार क्षेत्र में शत प्रतिशत पात्र युवाओं के वोट बन गए हो, मेयर प्रधान तथा वार्ड पार्षद जिनके निगम परिषद कमेटी में में शत प्रतिशत पात्र युवाओं के वोट बन गए हो उनके 25 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसी आधार पर ऐसे शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जहां शत प्रतिशत युवाओं के वोट बन गए हो को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव, वार्ड, शिक्षण संस्थान जहां पर शत प्रतिशत पात्र बेटियों व महिलाओं के वोट बन गए हो को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।
उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्णय के अनुसार 09 दिसम्बर तक वोट बनवाने वालों को पांच जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची से ड्रा निकालकर लैपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिए जाएंगे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान 'म्हारी लाडो म्हारी शान' कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी,** 24 नवंबर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नांगल चौधरी की ओर से आज कम लिंगानुपात वाले गांवों में ह्लम्हारी लाडो म्हारी शानह्ल कार्यक्रम के तहत गांव अकबरपुर, शहबाजपुर व जैनपुर में कन्या के जन्म पर कुआ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कान्ता कुमारी ने कहा कि उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस के मार्गदर्शन में बेटियों के सम्मान के लिए शुरू की गई नई पहल के तहत अकबरपुर में सपना, शहबाजपुर में राजबाला व रिंकू तथा गांव जैनपुर में प्रेरणा के घर में जन्मी कन्याओं के जन्म पर कुआ पूजन का आयोजन कर उपहार व बधाई पत्र भेंट किया। उन्होंने कहा कि आजकल महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर पूरी जिम्मेदारियों के साथ काम कर रही हैं।
इस अवसर पर सुपरवाइजर सुनीता यादव व रेखा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मौजूद थी।

## स्वर्ण पदक लेकर लौटी पूजा त्यागी का ग्रामीणों व परिजनों ने किया स्वागत

### धतूरी गांव की बेटी पूजा त्यागी ने स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम बढ़ाया



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**किर्गिस्तान के** बिश्केक में 16 से 19 नवंबर तक हुई आपन वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में धतूरी गांव की बेटी पूजा त्यागी ने स्वर्ण पदक जीत कर लौटी पूजा त्यागी का ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया। बेटी के सम्मान में ग्रामीणों व परिजनों का उत्साह देखते ही बनता था। ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने बेटी पूजा त्यागी व पूजा के पिता सियान्नद त्यागी को बधाई दी। ज्ञात रहे कि पूजा त्यागी ने 67.5 किलोग्राम भारवर्ग में 355 किलोग्राम भार उठा कर स्वर्ण पर कब्जा जमाने पर किर्गिस्तान पावर लिफ्टिंग फेडरेशन के अध्यक्ष ने पूजा त्यागी को मेडल पहना कर सम्मानित किया। पूजा त्यागी की इस सफलता पर उनके पिता जेजेपी के प्रदेश सह सचिव सियानंद त्यागी, ससुर अमरीश त्यागी व कोच एवं पूजा के पति अमनदीप को बधाई दी। पूजा ने बताया कि इससे पहले भी उनकी बेटी पूजा ने 2021 में केरल में हुई नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण, 2020 में भिवानी में हुई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण मेडल व 2019 में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।
सियानंद त्यागी ने कहा कि उनकी बेटी भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह का भारत का नाम रोशन करती रहेगी। इस मौके पर पूर्व सरपंच रणधीर मलिक पिपली खेड़ा, सुभाष अरोड़ा, डा. राजेश दहिया, लक्ष्मण, त्यागी, आर के राणा, रामपत शर्मा, प्रधानाचार्य चांद किशोर, अजय मलिक, डा. डी सी, सुरेन्द्र राठी, जयभगवान दहिया, बिजेन्द्र कालीरमन, डा. अनिल तुषीर, डा. प्रदीप सोबती, प्रदीप जागड़ा, रोहताश राठी, रमेश बड़ौली, रघबीर गहलावत, विजय राठी सम्पदा अधिकारी, सुरेन्द्र मलिक, पी के जैन, दयान्नद त्यागी, देवेन्द्र त्यागी पूर्व सरपंच धतुरी, अरूण त्यागी, पंकज वत्स एडवोकेट, अरूण त्यागी, तरूण त्यागी, अनिल त्यागी, त्यागी समाज के प्रधान सुरेश त्यागी, बृजेश त्यागी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### क्रिकेट खिलाडियों का होगा 26 नवम्बर को जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना में ट्रायल - शर्मिला राठी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

जिला खेल अधिकारी शर्मिला राठी ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा पंचकूला के आदेशानुसार राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में क्रिकेट के खेल को भी शामिल किया गया है।

शर्मिला राठी ने बताया कि 28 नवम्बर से 30 नवम्बर तक पंचकूला, यमुनानगर अम्बाला तथा कुरुक्षेत्र में पुरुष एवं महिला ओपन कैटेगरी में आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 04 दिसम्बर से 06 दिसम्बर तक करनाल, रोहतक, फरीदाबाद तथा रोहतक में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला में क्रिकेट खेल में प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाडि ?ों से अपील की कि वे 26 नवम्बर को जे के आर पब्लिक स्कूल गोहाना में प्रातः 10 बजे ट्रायल देने के लिए अवश्य पहुंचे। उन्होंने बताया कि ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सबूत, रिहयशी प्रमाण पत्र या स्कूल से वास्तविक प्रमाण पत्र (बोनाफाईड सर्टिफिकेट) अवश्य लेकर जाएं।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार में अनेक देशों के प्रतिनिधि करेंगे भागीदारी: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**कुरुक्षेत्र/टीम एक्शन इंडिया**

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार का आयोजन 17 से 19 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार में अमेरिका, कनाडा, जापान, आस्ट्रेलिया व बुल्गारिया सहित अनेक देशों प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सीनेट हॉल में अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार को लेकर आयोजित बैठक की समीक्षा करते हुए इस आशय की उद्घोषणा की।

कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार के उद्घाटन विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में 17 दिसम्बर को महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री शिक्षा मूलचंद शर्मा, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज सहित अनेक महान विभूतियां उपस्थित रहेंगी। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर यह 8वां अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन सचिव प्रो. महासिंह पूनिया ने बैठक में कुलपति प्रो. सोमनाथ का स्वागत करते हुए अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की संक्षिप्त जानकारी दी। जबकि संगोष्ठी के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने तीन दिन तक आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी की विस्तृत रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की। इस अवसर पर अनेक विभागों के प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए अपने सुझाव भी दिए। संगोष्ठी की उप-निदेशक प्रो. वनिता ढींगरा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. अरविन्द मलिक, आईआईएचएस के प्राचार्य प्रो. संजीव गुप्ता, प्रो. गोपाल प्रसाद, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. राजेश सोबती, प्रो. राजेश खरब, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, एक्सईन राजपाल सहित अनेक कमेटियों के संयोजक उपस्थित रहे।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की खेलों में एक अलग पहचान: प्रो. संजीव शर्मा

**कुरुक्षेत्र /टीम एक्शन इंडिया**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 60 वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट का गुरूवार को गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरुक्षेत्र में उदघाटन हुआ जिसमे विश्वविद्यालय से जुड़े हुए 100 के करीब महाविद्यालयों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो संजीव शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि वार्षिक एथलेटिक्स मीट की शुरूआत की तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने तथा सभी नियमों व विनियमों का सम्मान करने की प्रतिज्ञा दिलाई एवं मानसिक सुदृढ़ता के साथ प्रतिस्पर्धी होने का आह्वान किया। सभी एथलीट्स ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया तथा मुख्यातिथि को सलामी दी ।

कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की खेलों में एक अलग पहचान है जो हाल ही में मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर स्पष्ट रूप से नजर आती है।

# राज्यपाल ने साईं बाबा के 98वें जन्मदिन के कार्यक्रम में शामिल होकर की पूजा-अर्चना

**चंडीगढ़, कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**



हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने गत रात्रि स्थानीय सेक्टर-30, चंडीगढ़ में स्थिति सत्य साईं वृद्धाश्रम एवं साईं केंद्र द्वारा आयोजित भव्य भगवान श्री सत्य साईं बाबा के 98वें जन्मदिन के कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया तथा भगवान श्री सत्य साईं बाबा के जन्मदिन पर केक काटकर पदाधिकारियों व भक्तों के साथ उनका जन्मदिन मनाया।

उन्होंने कहा कि चण्डीगढ़ के साईं सेंटर में सेवा दल 25 वर्षों से यहां रक्तदान शिविर, मेडिकल कैम्प, फ्री कंप्यूटर ट्रैनिंग इत्यादि जैसे समाज कल्याण के कार्य कर रहा है जोकि बहुत सराहनीय कार्य है। भगवान श्री सत्य साईं बाबा की शिक्षाएं भक्तजनों को सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो, हमारे अंतर्मन में गूंजते हुए हमें प्रेम, करुणा और निस्वार्थ सेवा के मार्ग पर ले जाती हैं। हरियाणा और चंडीगढ़ के साधकों द्वारा स्वामी जी के इस दिव्य मिशन पर चलते हुए पूर्ण समर्पण से किए जा रहे कार्यों को देखकर खुशी प्राप्त हुई। इस पावन कार्य के लिए मैं आप सबकों बधाई देता हूं।

राज्यपाल ने कहा कि श्री सत्य साईं सेवा संगठन हरियाणा एवं चंडीगढ़ के साधकों द्वारा जो सामाजिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक और सेवा कार्य पूरी प्रतिबद्धता और उत्साह से किए जा रहे हैं। वे हम सभी को प्रेरित करते हैं तथा यह हम सबके लिए बहुत गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री सत्य साईं बाबा के दर्शन करने का दिव्य अनुभव प्राप्त हुआ है। इसके लिए में स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। सच्ची आस्था, भक्ति, विश्वास और श्रद्धा भक्त को सीधे भगवान से जोड़ने में सहायक होती है। इसलिए हम सब स्वामी जी की शिक्षाओं का पालन करते हुए एक ऐसी दुनिया बनाने में अपना योगदान दें, जहां प्रेम और करुणा सर्वोच्च हो। साईं बाबा के जन्मदिन पर एक बार फिर आप सबको बहुत-बहुत बधाई।इस अवसर पर श्री अजय शर्मा जी, डॉ सोनल चुग जी, श्री आनंद यादव जी व अन्य भक्तजनों ने राज्यपाल हरियाणा को शाल उढ़ाकर सम्मानित किया।

## तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहें न रहें

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सरस्वती शिशु मंदिर योजना के जनक रहे श्रद्धेय कृष्ण चंद्र गांधी जी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष राधाकृष्ण खंडेलवाल , मुख्य वक्ता क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र श्री गंगाराम एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया, साथ ही कृष्ण चंद्र गांधी जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर अपनी भावांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रबंधक श्री कीर्ति मोहन सर्राफ कराया। श्री कीर्तिमोहन ने अपने श्रद्धांजलि गीत के माध्यम से कृष्ण चंद्र गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की प्रस्तावना राष्ट्रीय सेवक संघ के सह प्रान्त संपर्क प्रमुख कैलाश चंद्र अग्रवाल के द्वारा रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गंगाराम ने बताया कि कृष्ण चंद्र गांधी जी कोई सामान्य व्यक्ति नहीं थे बल्कि भगवान द्वारा भेजे गए विशेष दूत थे। श्री कृष्ण चंद्र जी ने गोरखपुर में विभाग प्रचारक रहते हुए पहला सरस्वती शिशु मंदिर प्रारंभ किया, उनके प्रयास एवं समर्पण के कारण ही आज संपूर्ण देश में सरस्वती शिशु मंदिरों का महत्वपूर्ण स्थान है। श्री गांधी जी के प्रयास से ही मथुरा में कंस किला केशव दुर्ग में तब्दील हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांट विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि कृष्ण चंद्र गांधी जी संघ के प्रचारक थे।

## लगुन सगाई लेकर जा रहे 13 लोग सड़क हादसे में घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

फिरोजाबाद से हरियाणा के हिसार में लगुन सगाई लेकर जा रहे लोग राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे का शिकार हो गये। कोसीकला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर हुए शुक्रवार की सुबह हुए सड़क हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा शुक्रवार की सुबह करीब पौने ग्यारह बजे आगरा दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोसीकला क्षेत्र में गांव गौहारी के समीप असर फैक्ट्री के सामने हुआ। आगरा से दिल्ली की तरफ जा रही पिकअप को पीछे से एक ट्रोला ने टक्कर मार दी। ट्रोला की टक्कर से मैजिक पिकअप में सवार 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेट्रोलिंग कर रहे टोलकर्मियों ने घायलों को मेडिकल सेंटर तथा गौहारी के समीप ही बने एसएल मेडिकल सेंटर पर पहुंचा। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में राजेश पुत्र पोस्टमैन निवासी गांव व थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद उम्र 35 वर्ष, नितिन पुत्र राजेश निवासी गांव में थाना नसीरपुर फिरोजाबाद उम्र 14 वर्ष, अतुल पुत्र दीप सिंह निवासी भदरौली थाना बाह जनपद आगरा उम्र 14 वर्ष, पप्पू पुत्र मंगल सिंह निवासी नगला डलुआ थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद, दिनेश बाबू पुत्र प्रभु दयाल निवासी गांव में थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद, आदम सिंह पुत्र भंवर सिंह निवासी नगला डलवा थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद, कृष्ण पुत्र काशीराम निवासी दबरई थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद उम्र 16 वर्ष, योगेंद्र पुत्र निवासी गांव व थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद उम्र 30 वर्ष, प्रेम पुत्र सत्यसेन निवासी ना मालूम, संदीप पुत्र पैलेस बाबू निवासी गांव व थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद, नरेंद्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी दबरई थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद, प्रियांशु पुत्र सोनवीर यादव निवासी दबरई थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद, सोनवीर पुत्र भोजीराम निवासी डबरई थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद हैं।

## विद्युत चेकिंग टीम के साथ मारपीट करने के तीन आरोपी पकड़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बिजली चेकिंग के लिए गई टीम के साथ अभद्रता और मारपीट करने वालों में से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। फरह क्षेत्र के गांव दखौला बेगमपुर में यह घटना हुई थी। घटना के बाद थाना फरह पर विद्युत विभाग की ओर से तीन नामजद सहित कई लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा सहित दूसरी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से पुलिस को इन लोगों की तलाश थी। थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि बिजली विभाग की टीम के साथ उस समय मारपीट कर दी गई जब टीम विद्युत कनेक्शन काटने गई थी। टीम के साथ मौजूद मनमोहन सिंह भी मौजूद थे।

## एक दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगाया गया

**पानीपत , कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**



आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग हरियाणा, जिला प्रशासन पानीपत एवं आर्य बाल भारती स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से एक दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे। प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डा. विकास सक्सेना, आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी आयुर्वेद महीपाल बंसल और योग विशेषज्ञ नीलिमा रानी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी का स्वागत किया और डीपी जगदीश चहल ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर दीनबंधु सर छोटू राम की जयंती भी मनाई गई। प्रधान एडवोकेट रणदीप कादियान ने कहा कि वेद विश्व के सबसे प्राचीन ग्रंथ हैं और आयुर्वेद भी वेदों का उपवेद है।

जिसमें मनुष्य के 100 साल के जीवन को स्वस्थ व सुरक्षित बनाने के सभी विधि विधानो का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राणी प्रकृति की गोद में रहकर ही अधिक प्रसन्न और संपन्न बन सकता है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को प्रकृति संरक्षण को पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

# नड्डा की बुआ गंगा देई के निधन पर धनखड़ ने जताया शोक

**श्रद्धांजलि**

**8 भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बिलासपुर पहुंचकर दी 105 वर्षीय गंगा देई को श्रद्धांजलि**


**चंडीगढ़**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की 105 वर्षीय बुआ गंगा देई के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। धनखड़ शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में आयोजित दिवंगत आत्मा गंगा देई की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे और



अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ढाढस बंधाया। धनखड़ ने अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं प्रकट करते हुए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत पवित्र आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देवें और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति।

राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि गंगा देई जी पार्टी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष जे पी नड्डा जी के साथ ही रहती थी । मेरा सौभाग्य रहा कि अनेको बार गंगा देई जी का आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त हुआ। उन्होंने हमेशा जीवन को सादगी और सच्चाई के साथ जीने और जरूरतमंदों की मदद करने की सीख दी। पवित्र आत्मा ने 105 वर्ष की प्रेरणादायी सांसारिक जीवन यात्रा पूरी की। उनके नेक विचार, जरूरतमंदों की मदद, सादगीपूर्ण जिंदगी और स्नेहमय व ममतामयी की सोच को नड्डा परिवार आगे बढ़ाता रहेगा। धनखड़ ने कहा कि गंगा देई जी के परलोक गमन से उनको व्यक्तिगत रूप से बड़ी क्षति हुई है।

दिवंगत आत्मा से प्राप्त आशीर्वाद व स्नेह सदैव उनकी स्मृतियों में रहेगा । धनखड़ ने कहा कि उनके जीवन से मिली सीख को आगे बढ़ाने का प्रयास करूँगा ।

## प्रधानमंत्री के बाद अब संघ प्रमुख मोहन भागवत आएंगे मथुरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के ठीक पांच दिन बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का मथुरा आगमन हो रहा है। डा.मोहन भागवत 28 नवंबर को दोपहर दो बजे मथुरा के फरह स्थित दीनदयाल गऊ ग्राम परखम में दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र सहित एडमिन ब्लॉक, क्लास रूम और बायोगैस जनरेटर का लोकार्पण और पशु चिकित्सालय, अनुसंधान केंद्र और छात्रावास का शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी ब्रज प्रांत के सह प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर जुबली पार्क में कामधेनु गौशाला समिति द्वारा निर्मित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम के सम्बंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम समाज में परिवर्तन की दृष्टि से बनी छह गतिविधियों में से एक गौ सेवा और संरक्षण गतिविधि के अन्तर्गत हो रहा है। गौ पालन लाभ हानि के हिसाब से नहीं, बल्कि कामधेनु की सेवा के भाव से किया जाता है। इस बात पर कोई संघर्ष करता है तो निश्चित रूप से पीड़ा होती है। भारत का किसान और असंख्य गौ भक्त गौ माता की रक्षा मानव कल्याण हेतु करता है। इसी उद्देश्य को लेकर इस संस्थान का लोकार्पण करने मोहन भागवत आ रहें हैं। प्रोजेक्ट 100 एकड़ में बनना प्रस्तावित है। जिसमें से 70 एकड़ जमीन क्रय कर ली गई है। समिति सदस्य डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि गौ विज्ञान अनुसंधान एंव प्रशिक्षण केंद्र यह एक ऐसा अनूठा केंद्र होगा जहां गौवंश नस्ल सुधार, पंचगव्य की गुणवत्ता सुधार पर विश्वस्तरीय शोधकार्य किए जाएंगे।

## एक महीने में एक ही घर में दो बार चोरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

वृंदावन के गोविन्द बाग में महादेव मंदिर के पास सेठ दाऊदयाल चौखानी की हवेली में 1 महीने के अंदर दूसरी बार चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। विगत 25 अक्टूबर को दोपहर में हवेली के पिछले गेट से खिड़की को तोड़कर चोरों द्वारा घर में घुसकर एलईडी टीवी को ले जाया गया। घटना के चार दिन बाद 29 अक्टूबर को घर की देखरेख कर रहे हरिशंकर व्यास 20 दिन के लिए कोलकाता चले गये। 19 नवम्बर को वापस लौटने पर हवेली में घुसते ही सभी दरवाजो के ताले टूटे मिले। हरिशंकर व्यास ने मौहल्ले में सभी को सूचना दी। मौकास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी। पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया, हालांकि कोई भी वस्तु गायब नहीं मिली, लेकिन दूसरी बार हुयी इस घटना से गोविन्द बाग के लोगों में भय व्याप्त है।

## 11 दिन में 12 मौत, जिम्मेदार कौन, सभी मौन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

दीपावली के दिन राया में हुए आतिशबाजी अग्निकांड में मृतकों की संख्या 12 हो गई है। अग्निकांड में झुलसे एक और युवक ने इलाज के दौरान एक और युवक ने दम तोड दिया। अग्निकांड में 11 दिन में 12 मौत के बाद भी जिम्मेदार कौन हैं इस पर सभी मौन हैं। यहां तक कि इस मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई है। राया के आतिशबाजी हादसे में गुरुवार शाम एक और दुखद खबर सामने आने से लोग दुखी हो



गये हैं। जिसमें राया क्षेत्र के एक युवक की मृत्यु के बाद मृतकों की संख्या एक दर्जन हो गयी। थाना राया क्षेत्र के गांव नगला पीता निवासी दीपक उर्फ दीपू पुत्र राम रामहरी ने हादसे के 11 दिन बाद दम तोड़ दिया। दीपक दीपावली के दिन राया के आतिशबाजी बाजार में आतिशबाजी खरीदने के लिए पहुंचा था।

इसी दौरान हुए हादसे में वह घायल हो गया। हादसे के करीब 11 दिन बाद दीपक ने दम तोड़ दिया। इससे पहले इस हादसे में घायल 11 लोगों की मौत हो चुकी थी। दीपक का उपचार आगरा में चल रहा था। दीपक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद जिलाधिकारी ने एक जांच कमेटी का गठन किया था। जिसमें एसडीएम मांट और सीओ महावन की शामिल किया गया था। इस जांच कमेटी को एक सप्ताह मे रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। एसडीएम महावन ने जिलाधिकारी को सौंपी जांच आख्या में बताया कि हादसे के दौरान सात दुकानों में आग लगी और 13 लोग झुलसे।

इसके बाद जिलाधिकारी ने एक और जांच कमेटी का गठन किया जिसमें एडीएम प्रशासन और एसपी देहात दो अधिकारियों को शामिल किया गया और इस कमेटी को भी एक सप्ताह में जांच सौंपने को कहा गया है।

# केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से बेरोजगारी व महंगाई बढ़ती जा रही है: गर्ग

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला प्रभारी बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कहा कि सिरसा में होने वाली कांग्रेस की किसान-मजदूर आक्रोश रैली 17 दिसंबर की बजाएं 24 दिसंबर को होगी। जिसमें भारी संख्या में लोग भाग लेंगे। भाजपा-जजपा सरकार से प्रदेश का किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी व आम जनता बेहद दुखी हैं और इस सरकार से मुक्ति चाहती हैं। भाजपा सरकार ने किसानों की आमदनी दोगुणी करने का वादा किया था। किसान की आमदनी तो दोगुणी हुई नहीं मगर खर्च जरूर दोगुणा हो गया है। इस सरकार में खाद, बीज, खेती में



उपयोग आने वाली दवाईयां, डीजल, ट्रैक्टर व मशीनरी पार्ट के दामों में भारी भरकम बढ़ोतरी हुई है। यहां तक की खाद्य वस्तुएं व हर जरूरत के समान की कीमतों में पहले से कई गुणा ज्यादा बढ़ोतरी हो चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में महंगाई व बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने और बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है। आज हरियाणा क्राइम के मामले में देश के अव्वल स्थान पर है। हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। प्रदेश में हर रोज व्यापारी व आम जनता के साथ लूटपाट, फिरौती, अपहरण और हत्याओं की वारदातें हो रही है। सरकार अपराध पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल सिद्ध हुई है।

बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार में खुलेआम भ्रष्टाचार का बोलबाला है। किसी भी सरकारी विभाग में बिना रिश्वत लिए काम नहीं होता है। मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि हमने खर्ची-पर्ची बंद कर दी है जबकि रिश्वत अटैची में भर-भर के ली जाती हो तो पर्ची की क्या वैल्यू है। इस सरकार में बैठे प्रभावशाली नेताओं के इशारे पर शराब, रजिस्ट्री, खनन, धान, बाजरा व पेपर लीक आदि करोड़ों रुपए के घोटाले पर घोटाले हुए हैं। घोटाले की एफआईआर दर्ज होने के बाद भी सरकार ने सिर्फ एसआईटी गठन करके जांच को ठंडे बस्ते में डालने का काम किया है। जबकि 2 साल बीत जाने के बावजूद भी असली दोषियों को सरकार नहीं पकड़ पाई है। यह सरकार सिर्फ झूठे वादे व नारों की सरकार है जबकि जनता 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को घर बिठाने का काम करेगी और प्रदेश की जनता हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाने का बना चुकी है क्योंकि भाजपा सरकार ने किसान, सरकारी कर्मचारी, आंगनवाड़ी महिला, सरपंचों, छात्रों, पीटीआई टीचर आदि को दौड़ा-दौड़ा कर पीटने का काम किया है।

# अतिक्रमण पर चला पुलिस का डंडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कोसीकलां में दुकानों के बाहर सामान रख कर शहर के मार्गों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती दिखाई। कस्बा चौकी प्रभारी मोहित राणा ने अभियान चलाकर व्यापारियों के सामान को सड़क से हटवाया। अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। शहर के बाजारों में जाम के झाम से परेशान होते लोगों की समस्या के निदान के लिए शुक्रवार को कस्बा चौकी प्रभारी मोहित राणा ने पुलिस फोर्स के साथ पंजाबी बाजार, सब्जी मंडी, कच्ची मंडी, मेन बाजार, घंटाघर आदि व्यस्तम बाजारों में अतिक्रमण हटाओ



अभियान चलाया। बाजार में दुकानों के बाहर गलत तरीके से रखे सामान, काउंटर और अवैध पार्किंग को हटवाया। भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस की सख्ती के चलते व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। कस्बा चौकी प्रभारी मोहित राणा ने बताया कि शहर में जाम के झाम से निपटने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। गलत तरीके के पार्किंग, दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ के कडी कार्रवाई की जाएगी।

# स्क्वाड्रन का प्लैटिनम जयंती समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) नंबर** 5 स्क्वाड्रन एएफ, जिसे टस्कर्स के नाम से भी जाना जाता है, ने सेवा के पचहत्तर गौरवशाली वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, स्क्वाड्रन ने आज वायु सेना स्टेशन अंबाला में अपनी प्लेटिनम जयंती मनाई।

समारोह में सेवारत कर्मियों और दिग्गजों ने भाग लिया, जिन्होंने स्क्वाड्रन के पूरे गौरवशाली इतिहास में सेवा की थी। इस अवसर पर स्क्वाड्रन के कमोडोर कमांडेंट एयर मार्शल तेजिंदर सिंह द्वारा एक विशेष पोस्टल कवर जारी किया गया।

उन्होंने बताया कि यह उन सभी को श्रद्धांजलि थी जिन्होंने स्क्वाड्रन की समृद्ध विरासत के निर्माण में योगदान दिया था। इस अवसर पर 5 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर एम पी वर्मा ने




समारोह में आए गणमान्य अतिथियों, दिग्गजों व वायु सेना के परिजनों को अपने स्वागत संबोधन में शुभ कामनाएं दी। इस समारोह के दौरान, दर्शकों ने सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम, आकाशगंगा पैरा-डाइविंग टीम, राफेल और जगुआर विमान संरचनाओं द्वारा शानदार एयर डिस्प्ले का आनंद लिया।

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 5 स्क्वाडर्न के ऐतिहासिक पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि टस्कर्स का जन्म 02 नवंबर, 1948 को कानपुर में विंग कमांडर जेआरएस डैनी डेंट्रा के नेतृत्व में हुआ, जो बी-24 लिबरेटर भारी बमवर्षक विमान से सुसज्जित थे। स्क्वाड्रन आकाशीय सुरक्षा करने और राष्ट्र के सम्मान को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है, चाहे वह कांगो में ऑपरेशन हो, पाकिस्तान के साथ 1965 का युद्ध हो या बांग्लादेश की मुक्ति के लिए 1971 का युद्ध हो।

1961 में, संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में, कांगो में ऑपरेशन के दौरान, 5 स्क्वाड्रन ने कैनबरा लंबी दूरी के हमले वाले विमान का संचालन किया। इस प्रकार की अनोखी क्षमता केवल इसी विमान ने संयुक्त राष्ट्र को उसके सैन्य मिशन के लिए प्रदान की थी, 5 स्क्वाड्रन, संयुक्त राष्ट्र मिशन में तैनात होने वाला भारतीय वायुसेना का एकमात्र लड़ाकू स्क्वाड्रन भी है, 1965 के युद्ध के दौरान, आक्रामक भूमिका वाली 5 स्क्वाड्रन ने कैनबरा विमान के साथ सरगोधा और पेशावर हवाई क्षेत्र पर कम से कम छह बार हमला किया, 1965 के युद्ध के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए, स्क्वाड्रन कर्मियों को एक महावीर चक्र (एमवीसी), चार वीर चक्र (वीआरसी) और तीन वायु सेना मेडल (वीएसएम) से सम्मानित किया गया। स्क्वाड्रन को 1971 में तीसरी बार युद्ध में नियुक्त किया गया और उसने सरगोधा, चंदर और रिसालेवाला में पीएएफ ठिकानों पर धावा बोलते हुए दुश्मन के इलाके में काफी अंदर तक हमला किया।

अगस्त 1981 के पहले दिन टस्कर्स को अंबाला में डीप पेनेट्रेशन स्ट्राइक सक्षम विमान, 'जगुआर' से फिर से सुसज्जित किया गया। जुलाई 1988 में, 5 स्क्वाड्रन ने श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के समर्थन में ऑपरेशन पवन में भाग लिया।

पिछले कुछ वर्षों में, टस्कर्स ने कोप थंडर, रेड फ्लैग 2014 और कोप इंडिया-2018 जैसे विदेशी वायु सेनाओं के साथ विभिन्न अभ्यासों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वायुसेना का प्रतिनिधित्व करते हुए असाधारण व्यावसायिकता प्रदर्शित करके अपनी क्षमता साबित की है।

# साहा में फसल अवशेष को लेकर जिला स्तरीय मेला आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**कृषि एवं** किसान कल्याण विभाग अम्बाला द्वारा अनाज मंडी साहा में फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत जिला स्तरीय मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला उपायुक्त डा. शालीन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उपायुक्त डा.शालीन ने कहा कि किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए ताकि उनका लाभ अंतिम कतार में खड़े किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सके। किसानों को फसल अवशेषों को न जलाकर उनका उचित प्रबंधन करने की ओर अग्रसर होना चाहिए ताकि जमीन की उर्वरा शक्ति को सहेज कर रखा जा सके व पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। सरकार द्वारा सीआरएम स्कीम के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। उन्होने किसानों को अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने का आहवान किया।

इस मौके पर सीआरएम स्कीम के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में विभिन्न स्कूलों में करवाई गई प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगभग 40 स्टॉल लगाए गए। इसमें किसानों को आधुनिक तकनीकों, बीजों, यंत्रों व अन्य स्कीमों की जानकारी प्रदान की गई। इन स्टालों का अवलोकन करने के दौरान उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व स्कीमों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि उनका लाभ अधिकाधिक किसानों को मिल सके।

इस मौके पर विभाग के उप कृषि निदेशक डा. जसविन्द्र सिंह ने उपायुक्त डा.शालीन का मेले में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। उन्होने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि विभाग उनके दिशा-निर्देशानुसार कार्य करेगा और सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इस मेले में कृषि विभाग के अलावा कृषि विज्ञान केन्द्र तेपला व अम्बाला, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, अनाज मंडी आदि से भी प्रतिनिधियों ने भाग लिया व अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

इस मेले में उपमंडल कृषि अधिकारी डा. सुनील मान, उप कृषि अभियंता डा. सुनील, डिविजनल मृदा संरक्षण अधिकारी डा. अंकित, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डा. शेखर कुमार, सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी डा. बलबीर सिंह, सहायक सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती मंजीत कौर, डॉयलेट कंपनी के अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### वार्ड 3 के विकास कार्यों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी: पार्षद सुरेंद्र मदान



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**कुछ** दिन पूर्व सैक्टर -14 की सभी मुख्य सड़कों का निर्माण हुआ था" सड़कों में जहां-जहां कमी देखी गई थी वहां पर पैच वर्क भी कर दिया गया था। लेकिन सड़क निर्माण के कुछ हिस्सों से लोगों की पूरी संतुष्टि नहीं हुई। तदनुसार व्यक्तिगत रूप से यह सारा मामला निगम के संज्ञान में लाया गया और जहां-जहां सड़क ठीक नहीं बनी थी वहां वहां दोबारा से सड़क बनाने के लिए दबाव बनाया । निगम का सहयोग मिला और आवश्यकता अनुसार सड़क को दोबारा बनाया जा रहा है। " यह सब आज सड़क निर्माण का निरीक्षण करते हुए वार्ड तीन पार्षद और सैक्टर -14 वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र मदान ने मौके पर कहीं। इस मौके पर ऐसोशिएशन के सह सचिव एम एल आहूजा, सदस्य रविंद्र कुकरेजा तथा संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे। पार्षद सुरेंद्र मदान ने दोहराया कि उनके वार्ड में चल रहे सभी विकास कार्यों की जब तक वहां के निवासियों की संतुष्टि नहीं होती तब तक वे भी संतुष्ट नहीं होते । उन्होंने माना कि काम में देर तो हो सकती है लेकिन पूरी कोशिश रहती है कि किसी भी काम की गुणवत्ता से समझौता न हो, फिर भी कहीं कमी रह जाती है तो वे उसे पूरी करवाने की कोशिश करते हैं। सुरेंद्र मदान ने लोगों से एक बार फिर अपील की के वार्ड 3 के लोगों का निरंतर सहयोग और आशीर्वाद उन्हें ऊजार्वान रखता है और वे काम को ज्यादा लगन से करने में समर्थ हो पाते हैं।

### अवैध रूप से शराब बेच रहे अलग-अलग स्थान से तीन आरोपी गिरफ्तार, 44 बोतल अवैध शराब बरामद

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने वीरवार को अलग अलग स्थान पर दबिश देकर अवैध रूप से शराब बेच रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 44 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब ने बताया कि थाना चांदनी बाग पुलिस टीम को वीरवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की सनौली रोड पर वीर नगर के पास पेट्रोल पंप के सामने वाली गली में एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर शराब बेच रहे युवक को काबू कर मौके पर कब्जे से 1 बोतल, 24 अध्धे अवैध देसी शराब मार्का रसीला संतरा बरामद की। पकड़े गए आरोपी की पहचान बलविंद्र पुत्र सीरिया राम निवासी बलजीत नगर के रूप में हुई।

इसी प्रकार थाना चांदनी बाग पुलिस की दूसरी टीम ने धूप सिंह नगर में गली में अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपी नरेंद्र पुत्र महेंद्र निवासी धूप सिंह नगर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 5 बोतल, 32 पव्वे अवैध देसी शराब मार्का रसीला संतरा बरामद की।

**आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमें दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई:** उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अवैध शराब व मादक पदार्थ की तस्करी, जूआ सट्टा खाइवाली सहित अन्य गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों पर जिला पुलिस की विभिन्न टीमें विशेष नजर बनाए हुए है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसी गैर कानूनी गतिविधियों करने वाले आरोपियों की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी और असामाजिक तत्वों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने जीते अनेक पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जिला** बाल कल्याण समिति हरियाणा राज्य (चंडीगढ़) के सौजन्य से अंबाला शहर में डिविजनल स्तर पर 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।इन प्रतियोगिताओं में मुरलीधर डी.ए.वी के छात्रों ने अधिकाधिक पुरस्कार प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिताएं बाल भवन में करवाई गई।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में गीतांजलि, स्केचिंग ऑन द स्पॉट में हिमांशु, एकल गान (ग्रुप 3) में पारखी सूरी,




एकल गान (ग्रुप 4) में वंशिका, पोस्टर मेकिंग में जैस्मीन(ग्रुप 2) और (ग्रुप 3) में हिमांशु,(ग्रुप 4) में गुरसंगत, कार्ड मेकिंग (ग्रुप 1) में दीक्षिता,

क्लासिकल नृत्य (ग्रुप 2) में परवी, लेखन कला कौशल (ग्रुप 2) में भव्य व सेजल, पगड़ी व धोती बांधना प्रतियोगिता (ग्रुप 3) में मोक्षदीप कौर, कलश सज्जा (ग्रुप 3) में हिमांशु, समूह गान देशभक्ति (ग्रुप 3) में द्वितीय ,(ग्रुप 4) में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किए। इन सभी छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य व ए.आर.ओ (जॉन-डी) डॉ.आर.आर.सूरी ने बहुत-बहुत बधाई दी वह शुभाशीष

देते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ने के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर अपने

भीतर की प्रतिभा को स्टेज पर दिखाना चाहिए। इन सभी छात्रों ने विद्यालय के साथ-साथ अपने अभिभावकों का भी नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ.विवेक कोहली व अध्यक्ष जस्टिस प्रीतम पाल जी (रिटायर्ड) ने छात्रों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं भेजी।

# पानीपत: बन्धनों से परे विषय पर छः दिवसीय शिविर का हुआ शुभ आगाज

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**एसडी** पीजी कॉलेज में हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित तथा कृष्ण चेतना के लिए अंतर्राष्ट्रीय सोसायटी इस्कॉन की देख.रेख और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सामूहिक प्रयासों से गीता ओलंपियाड के अवसर पर बन्धनों से परे विषय पर छः दिवसीय शिविर का शुभ आगाज हुआ। जिसका उद्देश्य कॉलेज के युवा विद्यार्थियों तक गीता के ज्ञान को बहुत ही सरल भाषा में पहुंचाना है। गीता ओलंपियाड टीम के सदस्यों सौरभ सैनी और रोहित शर्मा से गीता ज्ञान बहुत ही सरल भाषा में लिया। 10 दिसम्बर को गीता ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दुनिया भर के युवा भाग लेंगे। कॉलेज के भी लगभग 250 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। 10 दिसम्बर को आयोजित परीक्षा के सफल टॉप 200 विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों पर ले जाया जाएगा। जिसका सारा खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी। शिविर में मंच का संचालन कॉलेज में सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ संगीता गुप्ता ने किया।

# ट्रस्ट और आरडब्ल्यूए ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

24 नवम्बर 2023 को श्रीमती ईशवर देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवम् रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन सैक्टर-14 के तत्वाधान में कम्युनिटी सैन्टर सैक्टर-14 में निःशुल्क स्वास्थय जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें मैक्स हस्पताल दिल्ली के विशेषज्ञ डाक्टर की टीम ने उपस्थित जनसमूह की स्वास्थय जाँच की। निःशुल्क जाँच शिविर का उद्?घाटन ट्रस्ट के सरक्षक ओम प्रकाश नागपाल तथा निगम पार्षद सुरेन्द्र मदान द्वारा किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जाँच की गई। इस जांच शिविर में गुड़?गाँव रोटरी द्वारा प्रदत्त महिलाओं में कैंसर



जाँच हेतू विशेष वाहन भी उपलब्ध कराया गया जिसमें लगभग 30 महिलाओं की मैमोग्राफी की गई। इसके अतिरिक्त पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर, महिलाओं की विभिन्न बीमारियाँ, मधुमेह, कान नाक विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहे। लगभग 125 मरीजों ने इस शिविर से निशुल्क फायदा उठाया। इस अवसर पर वार्ड 3 के निगम पार्षद व रेजीडेट नेल्फेयर एसोसिएशन प्रधान सुरेन्द्र मदान व ट्रस्ट के सरंक्षक ओमप्रकाश नागपाल ने बताया कि भविष्य में भी जनकल्याण के लिए मिलजुल कर कार्य करते रहेंगे।

# संकल्प यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरों से शुरू

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरों से शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को इसके संदर्भ में जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुडडा ने सभी विभागो के अध्यक्षो के साथ बैठक की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर विभागाध्यक्षों को एक दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डडा ने बताया कि यह संकल्प यात्रा घर-घर गांव गांव पहुंचेगी।

# आपस में एक दूसरे से जुड़ी होती है प्रत्येक प्रजातिः श्यो प्रसाद

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**आज** गवर्नमेंट गर्ल्स राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाना में एक जागरूकता अभियान के तहत हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला के जिला समन्वयक श्यो प्रसाद ने छात्राओं को सन्देश देते हुए बताया की जैव विविधता का तात्पर्य है जीवो में विविधता अर्थात किसी क्षेत्र में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार की जीवी प्रजातियां है ।इनका संरक्षण क्यों आवश्यक है इसका एक छोटा सा उदाहरण देकर श्यो प्रसाद ने छात्राओं को समझाया



जैसे कि किसी क्षेत्र में अचानक से बिल्लियां खत्म हो जाती है तो वँहा चूहो की संख्या में असामान्य वृद्धि हो जाती है जो दूसरे कुछ जीवो की संलहय को कम करती है एवं कुछ की संख्या को बढ़ाती है । चूहों की संख्या में वृद्धि होने से मानव भी प्रभावित होगा परन्तु कैसे - चुहों की संख्या में वृद्धि होने पर वह अपनी भोजन की आवश्यकता की पूर्ति मनुष्य के खेतों एवं दूसरे स्थानों से करेंगे जिससे मनुष्य प्रभावित होगा। चूहों के बढ़ने से मनुष्य को होने वाले रोगों की संख्या एवं रोगियों की संख्या में भी भारी वृद्धि हो जाएगी । वैसे ही बिलियों की संख्या में कमी और मनुष्य के लिये भोजन की कम उपलब्धता कुत्तो की संख्या को भी प्रभावित करेगी। इस प्रकार सभी

जीव आपस मे जुड़े हुए है एक जीव की कमी या विधि दूसरे सभी जीवो को प्रभावित करती है।

इसलिए प्रकृति

अपनी साम्यवस्था बनाये रखने की कोशिश करती है एवं हमे भी प्रकृति तथा जीवो का संरक्षण करना चाहिए ।

# पॉलिटेक्निक में कौशल रोजगार पर कार्यशाला का समापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय बहुतकनीकी** संस्थान अंबाला शहर मे अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए * कौशल रोजगार "* विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई । यह कार्यशाला महिंद्रा प्राइड क्लासरूम और नंदी फाउंडेशन के संयुक्त सौजन्य से 20 नवंबर, 2023 से 25 नवंबर, 2023 तक आयोजित की गई । इस कार्यशाला मे नंदी फाउंडेशन से प्रशिक्षक सुश्री नैंसी मदान ने छात्राओ को कौशल रोजगार के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी व उसके महत्व के बारे मे समझाया । कार्यशाला के समापन के अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा राजीव ने कहा की इससे छात्राओं मे आत्मविश्वास आया क्योंकि उन्होंने साक्षात्कार, सहयोग, जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखे। अंत मे संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा.राजीव सपरा ने आरुषि सिंगला (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) एकता (सिविल इंजीनियरिंग) व रमा (वास्तुकला) को कार्यशाला में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया । संस्थान मे इस कार्यशाला के साथ साथ ' नवीकरणीय उर्जा स्त्रोत ' विषय पर इलैक्ट्रिकल विभाग के विद्यार्थियो के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता की संयोजक पुनम सैनी व शर्मिला थे व निर्णायक की भुमिका सुनीता रानी व मोनिका ने निभाई। इस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर रितिक , द्वितीय स्थान पर राजिन्द्र व तृतीय स्थान पर हिमांशु व अमित रहे । कार्यक्रम के अंत मे संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा ने विद्यार्थियो को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर सुरेन्द्र मलिक , पुनम सैनी , भारत भूषण , हितेष चावला मौजूद रहे।

# शोषित एवं गरीबों के कल्याण के लिए दीनबंधु छोटू राम ने किया जीवन समर्पित: प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**आज दीनबंधु** छोटू राम युवा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने ने कहा दीनबंधु छोटू राम ने किसान गरीबों एवं दोस्तों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया वह एक महान क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक थे उन्होंने काकी दीनबंधु छोटू राम ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही हमारे राष्ट्र एवं समाज का कल्याण हो सकता है कुल प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने दीनबंधु छोटू राम की जयंती पर



छोटू राम चौक पर उनकी प्रतिमा पुष्प माल्यार्पण कर जयंती मनाई उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम को किसानों गरीबों एवं शोषित के हितेषी के तौर पर सदैव याद रखा जाएगा छोटू राम ने वकील मंत्री तथा शिक्षाविद के तौर पर अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण एवं राष्ट्र को समर्पित कर दिया शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता विद्यार्थियों को दीनबंधु छोटू राम के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए ।प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने कहा सर छोटूराम ने प्राचीन भारत में कृषि की समस्या के निदान के लिए संघर्ष किया एवं किसानों के हित में कानून बनवाने का काम किया था वह किसानों के लिए एक आदर्श और प्रेरणा के स्त्रोत हैं भाखड़ा नांगल डैम का आईडिया भी दीनबंधु छोटू राम ने ही दिया था ।इस मौके पर चौधरी चांद राम दहिया जी कृष्ण काला भटगांव ,सरदार जसवंत सिंह।

# पानीपतः 348 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**एंटी** नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि वीरवार को उनकी टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान संत कृपाल चौक पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि नूरवाला निवासी तुषार मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है। तुषार मादक पदार्थ लेकर बाइक पर सवार होकर बेचने के लिए शर्मा स्कूल वाली गली से आएगा। पुलिस ने सूचना को पुख्ता मानते हुए नूरवाला में शर्मा स्कूल वाली गली पर पंहुचकर संदिग्ध युवकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद गली से एक युवक प्लसर बाइक पर आया। पुलिस टीम ने बाइक को रूकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान तुषार पुत्र अमनदीप निवासी नूरवाला के रूप में बताई।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट एईटीओ सौरव जायसवाल की उपस्थिति में युवक की तलाशी ली तो पहनी हुई लोअर की जेब से अफीम बरामद हुई। बरामद अफीम का वजन करने पर 348 ग्राम पाया गया। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नशा करने का आदी है।

# निगम का पार्क बदहाल, पार्षद से नहीं हो रही देखभाल






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
जहां एक ओर तो राजनैतिक पार्टियां खेलेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया का नारा जोरदार तरीके से लगा रही है। वहीं दूसरी ओर निगम और डीडीए के पार्कों की दशा बिगड़ी हुई है। किसी पार्क में जानवर बांधे जाते है, तो कोई पार्क पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे कि इन पार्कों में बच्चों के खेलने की जगह ही नहीं बची है। कुछ ऐसा ही हाल है त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर-61 का। निगम द्वारा लगभग लाखों रूपए खर्च कर लोगों की सहुलियतों को देखते हुए कोहाट वार्ड-61 स्थित के ब्लॉक के निगम पार्क में छायादार पेड़-पौधे रोपे गए थे और चारों ओर हरियाली ही हरियाली नज़र आया करती थी। लेकिन निगम के संबंधित अधिकारी की लापरवाही और स्थानीय निगम पार्षद की अनदेखी के चलते पार्क की हालत बद से बदतर हो गई है।



**बांधे जाते है पशुः** मिली जानकारी के अनुसार निगम द्वारा पार्क की बागबानी व रखरखाव के लिए न तो कोई माली हैं और न ही देखभाली के लिए चौकीदार तैनात किया गया है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि पार्क के गेट पर चौकीदार और माली दोनों का ही नाम लिखा है, लेकिन दोनों में से किसी को भी पार्क में ड्यूटी पर तैनात नहीं देखा गया है।



**नीरज सौदा (उपाध्यक्ष त्रीनगर विधानसभा): कोहाट** वार्ड-61 में रहने वाले व आम आदमी पार्टी के त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष नीरज सौदा ने बताया कि निगम पार्षद रवि हंस ने कभी वार्ड के पार्क का न तो खुद दौरा किया है और न ही निगम के कर्मियों को पार्क की साफ सफाई के लिए कहा है। पार्क में जानवर बांधे जा रहें है व निजी रूप से भी पार्कों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसको लेकर कई बार निगम पार्षद से शिकायत भी की थी, बावजूद इसके पार्षद के कानों तले जूं तक न रेंगी।



**विक्रम ढल्ला (उपाध्यक्ष त्रीनगर विधानसभा): कोहाट वार्ड-61** में रहने वाले व आम आदमी पार्टी के त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के उपाध्यक्ष विक्रम ढ़ल्ला ने बताया कि यह कोई अकेला पार्क नहीं है जिसकी दुर्गती हुई पड़ी है। क्षेत्र में ऐसे कई पार्क है जिनमें अवैध रूप से पार्किंग की जा रही है। तो किसी पार्क में पशु बांधे जाते है, तो किसी पार्क में लोग कपड़े सुखा रहे है। तो ऐसे में पार्को में सैर सपाटे के लिए जगह ही नहीं बची है जिसके चलते लोगों ने इन पार्को की ओर रूख करना ही बंद कर दिया है। मामले में कई बार पार्षद से शिकायत भी की है। बावजूद इसके अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

## केजरीवाल की ओच्छी राजनीति के चलते दिल्ली बनी गैस चैंबरः मुकेश गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सरकार** की ओच्छी नीति और लापरवाही के चलते दिल्ली की पहचान दमघोंटू प्रदूषण वाले शहर के रुप में हो रही है। दिल्ली सरकार राजधानी दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है, क्योंकि केजरीवाल सरकार प्रदूषण खत्म करने के लिए कार्यवाही करने की बजाय बारिश होने के भरोसे पर अधिक रहते हैं। वहीं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर 63 से पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने कहा कि पिछले कई हफ्तों से वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है। फेफड़े, हृदय और आंखों की बीमारियां लोगों को



परेशान कर रही हैं और अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज आ रहे हैं। दिल्ली सरकार ने जहरीली हवा को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को रोकने में असफल साबित हुई हैं, जिसके चलते दिल्ली के लोग चुपचाप पीड़ा सह रहे हैं दिल्ली की पहचान दमघोटू प्रदूषण वाले शहर के रुप में हो रही है। मुकेश गांधी ने बताया कि दमघोटू खतरनाक प्रदूषण के कारण दिल्ली के अस्पतालों में मरीज की संख्या लगातार बढ़ रही है। सांस, दमा, फेंफडे की समस्या ग्रस्त मरीज को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है, सरकार जनता को सलाह दे रही है, परंतु प्रदूषण को पूरी तरह खत्म करने के लिए कारगर कदम नही उठा रही है।

सरकार ने अपनी जिम्मेदारी को कभी नही निभाया और राजनीति के चलते दिल्ली को गैस चैंबर बन गई है।

## सोसायटी ने डीएम, डीसीपी और एसडीएम का किया स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जनहित पूर्वांचल** सोसाइटी नरेला द्वारा आयोजित छठ महोत्सव-2023 के सफल आयोजन होने पर सोसाइटी के महासचिव विनीत कुमार, सचिव शम्भू झा, निगरानी समिति सदस्य रोशन झा, सहसचिव अमित मिश्रा, बमबम युवा कार्यकर्ता, रोहित झा द्वारा उत्तरी दिल्ली के डीएम यश चौधरी, बाहरी उत्तरी दिल्ली के डीसीपी रवि कुमार सिंह, एसडीएम राकेश दास को उसके कार्यालय में जाकर सम्मानित किया और सफल आयोजन हेतु हृदय से बधाई दी कि कम समय होते हुए भी डीएम, डीसीपी और एसडीएम साहब के द्वारा इस पूजा स्थल पर व्यवस्था की गई। जिसके लिए सोसाइटी ने बधाई दी। इस मौके पर सोसाइटी के महासचिव विनीत कुमार ने कहा कि छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है, बस सच्चे मन से छठी मईया की पूजा करने की जरूरत है।

मैं छठी मईया से प्रार्थना करता हूं कि छठी मईयां सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। सोसाइटी के महासचिव विनीत कुमार ने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराये, जिससे की बच्चे भारतीय संस्कृति, तीज और त्योहार को जान सके।



सरुप नगर में आर्य जाट सभा सरुप नगर के कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब साथ में है अविनाश राणा व अन्य।

## ऐप बेस्ड प्रिमियम बसों पर पहला हक दिल्ली के गांव वालों काः दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली ग्रामीण** यात्री परिषद् एवं दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को एक्स पर पोस्ट लिखकर उनसे दिल्ली के दूरदराज के गांवों और बार्डर एरिया से ऐप बेस्ड प्रिमियम बसें चलवाने की गुहार लगाई है। वत्स ने कहा कि अभी भी ऐप बेस्ड कैब और आटो वाले गांवों में नहीं जाते।

**डीटीसी की बसों के सहारे ही लोग गिरते पड़ते**
अपनी ड्यूटी पर और छात्र अपने स्कूल और कालेज जा पाते हैं। दिल्ली के सुदूर गांवों और बार्डर एरिया से अभी



तक मैट्रो कनेक्टिविटी तक सुलभ नहीं है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और आई.पी यूनिवर्सिटी द्वारका, सराय काले खां और आनंद विहार बस अड्डा और हजरत निजामुद्दीन व आनंद विहार रेलवे स्टेशन, केंद्रीय सचिवालय, दिल्ली सचिवालय तक कोई भी सीधी बस सेवा नहीं है।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी के मदर डेयरी के पास आयोजित भंडारे के दौरान प्रसाद का वितरण करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी, सुधीर व अन्य।

# सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए: अनिल यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** इलाके के ई ब्लॉक में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य रूप में आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान कथा व्यास पंडित श्री बाबूलाल ने उपस्थित भक्तों को कथा का महत्व बताया और कहा कि कथा श्रवण से दुखों का नाश होता है और जीवन में खुशहाली आती है, इसलिए सभी भक्त सच्चे मन से ईश्वर का ध्यान करें। इस मौके पर संगम पार्क वार्ड के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव पहुंचे और प्रभु का आशीर्वाद लिया। श्री जय दुर्गा मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने अनिल यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर





अनिल यादव ने कहा कि मैं कार्यक्रम के आयोजको का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। इस प्रकार के कार्यक्रम अधिक से अधिक होने चाहिए। इससे धार्मिकता का संचार होता है। श्री यादव ने कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। इस अवसर पर छोटेलाल, रामेश्वर, राम खिलाड़ी, गौरी शंकर माहौर, बलदेव वोहरा, विशंभर, बंगाली बाबू, किशोरी लाल, बृजमोहन, इंद्र कुमार, विजय बंगाली, महेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, विनोद लखिया, विजेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, एडवोकेट योगेश लखिया, राजपाल साहू, कुकना भाई, राजेश सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर समाजसेवी छोटे लाल जी और गौरी शंकर माहौर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान वर्षा का आयोजन श्री जय दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा किया जा रहा है। यह कथा 26 नवंबर तक चलेगी। कथा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▶ नई दिल्ली ▶ 25 नवंबर 2023 ▶ पृष्ठ 12 ▶ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### स्कूल जा रहे छात्र को ट्रक ने लिया चपेट में, एक पैर कटा

**जशपुर।** घर से स्कूल जा रहा छात्र नेशनल हाइवे पर ट्रक की चपेट में आ गया, हादसे में छात्र का एक पैर कटकर अलग हो गया है। पुलिस ने ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं गम्भीर रूप से घायल छात्र को अम्बिकापुर रिफर किया जा रहा है। घटना कुनकुरी थाना क्षेत्र के सलियाटोली तिराहे की है। पुलिसौ से प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे जब ढोलचुंवा गांव का छात्र अंकित राम साइकिल लेकर स्वामी आत्मानन्द हिंदी मीडियम स्कूल आ रहा था।

इसी बीच बालक तिराहे को पार कर अपनी दिशा में आगे बढ़ ही रहा था कि पीछे से एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सहित छात्र सड़क पर गिर पड़ा और ट्रक का अगला चक्का उसके पैर व साइकिल को रौंदते हुए बढ़ गया। ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने लगा, जिसे लोगों ने पीछा करते हुए थाने के सामने पकड़ लिया। फिलहाल घायल छात्र को बेहतर उपचार के लिए अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज रवाना कर दिया गया है।

### आवारा सांड़ के हमले में अधेड़ की मौत

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में आवारा सांड़ ने एक अधेड़ को पटक दिया। इससे उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रमजानपुर गांव के रहने वाला जाकिर शुक्रवार को अपने घर से बाहर प्लाट में भैंसों को चारा डालने जा रहा था। इसी दौरान एक आवारा सांड़ ने जाकिर पर हमला बोल दिया और पटक-पटक कर उसे मौत के घाट उतार दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि यह आवारा सांड़ कई बार लोगों पर जानलेवा हमला कर चुका है।

आज सुबह जाकिर जब भैंसों को चारा लेकर जा रहा था, तो उसके पास कोई लाठी या डंडा नहीं था। जिसकी वजह से सांड़ ने उन पर हमला बोल दिया। इस सांड़ को पकड़वाने के लिए ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारियों से भी शिकायत की गई, लेकिन सांड़ को नहीं पकड़वाया गया। सांड़ न पकड़े जाने का नतीजा यह निकला कि जाकिर की जान चली गई। कादरचौक थाना अध्यक्ष ने बताया कि रमजानपुर के रहने वाले जाकिर की सांड के हमले में मौत हुई है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है।

### पांच दिन पूर्व यमुना में डूबे युवक का शव बरामद

**नाहन।** पांवटा साहिब की यमुना नदी में पांच रोज पहले प्रवासी 18 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई थी । शुक्रवार को अपने आप इस युवक का शव यमुना में उभर आया इसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा किसको पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रवासी राज्यों से रहने वाले लोग छठ पूजा दौरान सोमवार को पांवटा साहिब में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया था। जहाँ एक युवक यमुना की तेज धार की चपेट में आया और नदी की गहरी सतह में समा गया था जिसका शव आज पांचवें दिन बरामद हुआ है।

जानकारी के मुताबिक छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में स्नान करते समय एक युवक डूब गया। जिसका शव शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ टीम की कड़ी मशकत के बाद बरामद कर लिया गया है।

# सुपोषित और स्वस्थ बच्चे ही सशक्त भारत का आधार बनेंगे : मुख्यमंत्री

## योगी ने अयोध्या से आंगनवाड़ी केंद्रों में हॉट कुक्ड मील योजना का किया शुभारंभ

**शिलान्यास**

- राज्य के 35 जिलों में 403 करोड़ की लागत से 3401 आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास
- अयोध्या पुलिस लाइन में 12-12 मंजिल के दो ट्रांजिट हॉस्टल का भी किया लोकार्पण





**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
रामलला 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी को अपने स्वयं के मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इससे पहले प्रदेश में 3 से 6 साल के बच्चों को मिड-डे-मील की तर्ज पर गर्म बना हुआ भोजन परोसने के कार्य का शुभारंभ अयोध्या से होना अत्यंत ही शुभ कार्य है। सुपोषित और स्वस्थ बच्चे ही सशक्त भारत का आधार बनेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां पुलिस लाइन स्थित कंपोजिट विद्यालय से हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारंभ करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने 403 करोड़ की लागत से 35 जिलों में 3401 आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया। साथ ही अयोध्या रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिड-डे-मील की तर्ज पर गर्म बना हुआ भोजन अलग-अलग मेन्यू के आधार पर अलग-अलग दिन परोसने की ये योजना विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में इन्सेफेलाइटिस का उदाहरण देते हुए कहा कि अंतरविभागीय समन्वय के चलते जो बीमारी 40 साल में 50 हजार बच्चों को निगल गई उसे हमने चार साल में नियंत्रित कर लिया। इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि अंतरविभागीय समन्वय से योजनाओं पर कार्य हो तो बेहतर परिणाम आ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 1.90 लाख आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें दो करोड़ से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 6 प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाती हैं। पहली बार प्रदेश में हो रहा है कि 3 से 6 साल के 80 लाख बच्चों को हॉट कुक्ड मील प्रदान करने के कार्य का शुभारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। आप सौभाग्यशाली हैं, क्योंकि कान्हा को द्वापर युग में यशोदा मइया ने बचपन में पाला था, मगर आप सैकड़ों कान्हाओं की सेवा करने, उनके पोषण और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही सशक्त भारत की आधारशिला को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही हैं। ये आपका सौभाग्य है कि आपको यह अवसर मिला है।

### मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से बच्चों को परोसा भोजन

**इससे** पूर्व, मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन के कंपोजिट विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से मुलाकात की और उनसे पढ़ाई एवं स्कूल ड्रेस आदि के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से स्कूली बच्चों को भोजन भी परोसा। कार्यक्रम के दौरान योगी ने आंगनवाड़ी केंद्रों में हॉट कुक्ड मील योजना से संबंधित लघु फिल्म का अवलोकन किया और आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं को 'पोषण भी पढ़ाई भी' किट का वितरण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने श्री अन्न की पोषण थाली आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण, बाल विकास और पुष्टाहार विकास मंत्री बेबी रानी मौर्या, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महिला बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव बीना कुमारी मीना, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी मौजूद रहे।

### अब जर्जर भवनों और बैरकों में नहीं रहेंगे हमारे पुलिसकर्मीः योगी

**मुख्यमंत्री** आदित्यनाथ ने अयोध्या में पुलिसकर्मियों के रहने के लिए 12-12 मंजिल के दो भवनों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा सभी थानों में भी पुलिसकर्मियों के रहने के लिए अच्छे बैरकों का निर्माण कराना सरकार की प्राथमिकता है।
बहुत जल्द जर्जर बैरकों में रहने के लिए कोई भी पुलिसकर्मी विवश नहीं होगा।



गुरुग्राम के हिपा में 98वें विशेष फाउंडेशन कोर्स से कर रहे अधिकारी प्रशिक्षुओं के एक ग्रुप ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### भीम संसद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**पूर्वी चंपारण।** जिला जदयू कार्यालय सभागार में जिलाध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को तैयारी बैठक की गई। बैठक में बिहार प्रदेश जदयू ने आगामी 26 नवम्बर को पटना वेटनरी कॉलेज मैदान आयोजित होने वाले भीम संसद कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि संविधान विरोधी-आरक्षण विरोधी केन्द्र सरकार के दलित विरोधी चेहरे को बेनकाब करने हेतु पार्टी द्वारा भीम संसद कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समाज के अधिक से अधिक लोगों के साथ शामिल होकर उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाना है, जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि उपरोक्त कार्यक्रम में जाने के लिए जिस तरह से लोगो में उत्साह देखा जा रहा है।

## 'राजौरी मुठभेड़ आतंकवाद और उसके पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा झटका'



**पुष्पांजलि**


- दो कैप्टन समेत 5 सैनिकों को सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने जम्मू में दी पुष्पांजलि
- श्रद्धांजलि देने के बाद सभी बलिदानियों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेजे गए।

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि राजौरी मुठभेड़ में आतंकवादियों का मारा जाना राजौरी-पुंछ क्षेत्र में आतंकवाद और उसके पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। इन आतंकियों को अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित करके क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। राजौरी मुठभेड़ के दौरान कैप्टन एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम गुप्ता, हवलदार अब्दुल माजिद, एनके संजय बिष्ट, पैराट्रूपर सचिन शहीद हुए हैं। बलिदान हुए दो कैप्टन समेत 5 सैनिकों को जम्मू में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और डीजीपी आरआर स्वैन सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह बलिदानी जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने के बाद सभी बलिदानियों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेज दिए गए। श्रद्धांजलि समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकवादी अत्यधिक प्रशिक्षित थे। ऐसा लगता है कि उन्हें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित किया गया था। उन्होंने कहा कि दो कैप्टन सहित सेना के पांच जवानों के सर्वोच्च बलिदान से सैनिकों का मनोबल बढ़ा है और सभी जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवादियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीर पंजाल रेंज में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या के बारे में सेना कमांडर ने कहा कि राजौरी मुठभेड़ में दो उच्च प्रशिक्षित आतंकवादियों के मारे जाने से क्षेत्र में आतंक और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को बड़ा झटका लगा है। उत्तरी सेना के कमांडर ने कहा कि इलाके में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या और भी हो सकती है, क्योंकि पुंछ और राजौरी राजमार्ग से जुड़े हुए हैं। अभी भी क्षेत्र में कम से कम 20 से 25 आतंकवादी सक्रिय हैं। पुलिस और मानव खुफिया के सक्रिय समर्थन की मदद से हम एक साल के भीतर क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने में सक्षम होंगे।

### खेत से अदरक की खुदाई कर चोरी करने वाले तीन आरोपित, गिरफ्तार

**रायगढ़।** खेत में लगे अदरक फसल की खुदाई कर अदरक चोरी करने वाले तीन आरोपितों को लैलूंगा पुलिस द्वारा शुक्रवार को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपितों से चोरी आधा क्विंटल अदरक बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को थाना लैलूंगा में ग्राम भेडीमुडा (ब) में रहने वाले मुन्नु लाल निषाद (42 साल) द्वारा उसके खेत में लगे करीब एक क्विंटल अदरक की चोरी होने के संबंध में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस साल उसने अपने महुआ छिनाखेत में अदरक की खेती किया है। 22 नवंबर को खेत दवाई छिडकाव करने गया तो देखा खेत से करीब एक क्विंटल से अधिक का अदरक कोई चोरी कर ले गया है। तब गांव के सरपंच, ग्राम पटेल और अन्य ग्रामीणों को खेत से अदरक की चोरी की जानकारी देकर अपने स्तर पर पता किया, जिसमें पता चला कि गांव के तीन लड़के- प्रभु राठिया, गोपी साहू और रूप कुमार सिदार खेत से अदरक की चोरी किये हैं। रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में आरोपितों पर चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज अपने स्टॉफ के साथ पतासाजी कर तीनों आरोपितों को हिरासत में लिया गया।

## भारत और नेपाल सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्यकिरण शुरू



**शांति की बात**

- क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
भारत और नेपाल के सशस्त्र बलों के बीच बहुप्रतीक्षित संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्यकिरण-17 (2023) शुक्रवार को पिथौरागढ़ में शुरू हुआ। यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 07 दिसंबर तक 14 दिनों की अवधि तक चलेगा। नेपाली दल का प्रतिनिधित्व नेपाली सेना की तारा दल बटालियन की ओर से किया जा रहा है, जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व ह्यपंचशूल ब्रिगेडह्न की कुमाऊं बटालियन की ओर से किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान, दोनों सेनाओं के प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे के साथ प्रशिक्षण के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और सराहना की। उन्होंने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया। यह अभ्यास भारत और नेपाल के सैनिकों को अनुभवों का आदान-प्रदान करने, एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने और एक-दूसरे की युद्ध कौशल की गहरी समझ को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।
इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में आतंकवाद विरोधी अभियान, आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता, पर्यावरण संरक्षण और विमानन पहलुओं पर प्रशिक्षण सहित सामरिक प्रशिक्षण की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी।

### बाहुबली बृजेश सिंह सुभासपा से लड़ सकते हैं चुनावः ओपी राजभर



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने संकेत दिया है कि लोकसभा चुनाव में उनके पार्टी के सिम्बल से बाहुबली माफिया बृजेश सिंह चुनाव लड़ सकते हैं। शुक्रवार को शहर में आए ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि एनडीए का फैसला रहा तो बृजेश सिंह सुभासपा के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। बृजेश सिंह को गाजीपुर से चुनाव लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की छापेमारी से जुड़े सवाल पर ओपी राजभर ने बेबाकी से कहा कि ईडी, सीबीआई स्वतंत्र संस्था है।

## चुनाव ड्यूटी को लेकर पब्लिक डीलिंग ऑफिस में सन्नाटा पसरा



**टीम एक्शन इंडिया/बीकानेर**
चुनाव ड्यूटी को लेकर जिला परिवहन कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ हैं। वाहन अधिग्रहण का काम जिला स्तर पर परिवहन विभाग के जिम्मे होने के कारण यातायात सेल के रूप में परिवहन विभाग के सभी प्रमुख अधिकारी और कार्मिक आचार संहिता लगने के बाद से लगे हुए है। हालांकि विभाग के पास अन्य विभाग एवं पुलिस आदि से कई कार्मिक डेपुटेशन से लेकर भी लगाए गए हैं। फिर भी पब्लिक डीलिंग आरटीओ कार्यालय बिलकुल सुना पड़ा हैं, कारण आरटीओ, डीटीओ, परिवहन निरीक्षक, एलडीसी, सूचना सहायक सभी ने यातायात सेल में डेरा जमा रखा हैं। इधर आरटीओ कार्यालय में एक भी अधिकारी और परिवहन निरीक्षक नही होने के कारण आरटीओ कार्यालय की खिड़कियां बंद पड़ी रहती हैं। नए रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, आरसी रिन्यूअल, परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के लिए लोग आरटीओ कार्यालय आते हैं तो सीट पर कोई अधिकारी नही मिलता व विंडो बंद मिलती हैं। जानकारी के अनुसार आरटीओ कार्यालय एक पब्लिक डीलिंग ऑफिस हैं, चुनाव के साथ साथ ऑफिस में भी प्रमुख अधिकारी और कार्मिकों का होना भी आवश्यक हैं। जिससे पब्लिक के अति आवश्यक काम निपटाए जा सके क्योंकि आगामी दिनों में शनिवार से लेकर सोमवार तक सरकारी अवकाश हैं और कई वाहन स्वामी और ड्राईविंग लाइसेंस का आवेदन करने वाले दीपावली की छुट्टियों में आए हुए है, वे अपना काम निपटाकर अपने काम पर लौटना चाहते हैं।

**जानकारी** पाकिस्तान के साथ यह कड़ा रुख उनकी ओर से शरण पाए हुए अफगानी नागरिकों को देश से निकाले जाने के बाद अपनाया है।

## पाकिस्तान और अफगानिस्तान में रुके हजारों ट्रकों के पहिए



**असर**

- पाक और अफगानिस्तान के बीच लगातार बदहाल हो रहे रिश्तों का असर अब दोनों देशों के व्यापार पर पड़ने लगा है।

**टीम एक्शन इंडिया/पाकिस्तान**
पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते लगातार बदहाल स्थिति में पहुंचते जा रहे हैं। हालात यह हो गए हैं कि अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की ओर से आने वाले हजारों ट्रकों को तोरखाम बॉर्डर पर रोक दिया है। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के साथ यह कड़ा रुख उनकी ओर से शरण पाए हुए अफगानी नागरिकों को देश से निकाले जाने के बाद अपनाया है। अफगानिस्तान की ओर से इस तरीके के कड़े रुख पर पाकिस्तान न सिर्फ सकपकाया है, बल्कि उसने भी इस प्रक्रिया में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के साथ व्यापार बंद कर दिया है। विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान इस खुले बॉर्डर से ट्रेड कर भारत में नशे की बड़ी खेप पहुंचाता था। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि बंद हुए इस व्यापारिक समझौते से भारत में अब पाकिस्तान की ओर से नशे की तस्करी और अवैध कारोबार पर लगाम लग सकेगी। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच लगातार बदहाल हो रहे रिश्तों का असर अब दोनों देशों के व्यापार पर पड़ने लगा है। जानकारी के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से आने वाले लोगों पर ज्यादा ही सख्ती बरतनी शुरू कर दी। हालात ऐसे हो गए कि कानूनी वीजा और पासपोर्ट धारकों की एंट्री ही अफगानिस्तान में प्रतिबंधित की जाने लगी।
जब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान से आपत्ति दर्ज की, तो पाकिस्तान ने धौंस दिखाते हुए अफगानिस्तान के व्यापार को बंद करने की धमकी देनी शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार शाम से अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के हजारों ट्रकों को अपने देश के भीतर आने से न सिर्फ रोक दिया, बल्कि अफगानिस्तान में मौजूद सभी ट्रकों को अगले कुछ दिनों की मोहलत देकर तत्काल वापस जाने का फरमान सुना दिया।

## मप्र को इस बार फिर मिलेगा कृषि कर्मण अवार्ड, गेहूं की बंपर होगी पैदावार



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
गेहूं उपार्जन के मामले में कभी जुबान पर पंजाब और हरियाणा का नाम रहता था, लेकिन मध्यप्रदेश ने एक बार इसमें लीड लिया तो यह जैसे राज्य की परम्परा ही बन गया, अब लगातार मप्र गेहूं पैदा करने में देश का नंबर एक राज्य बनकर सामने आया है। हालांकि इस बार कुछ कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि मध्यप्रदेश में गेहूं की पैदावार कम रहेगी, लू की चपेट में आ जाने के कारण बड़ा नुकसान किसानों को उठाना होगा और मौसम के पड़ने वाले प्रभाव के चलते इससे बचने का कोई रास्ता नजर नहीं आता। कृषि विशेषज्ञों को डर है कि चालू रबी सीजन में गेहूं की बुआई में देरी चिंता का कारण है क्योंकि इससे फसल को लू जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, जिससे गेहूं की उत्पादकता और गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। पिछले दो वर्षों में भीषण गर्मी के कारण मुख्य खाद्यान्न उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है। इस बार भी गेहूं की बुआई में देरी से फसल को लू का खतरा बढ़ गया है। विशेषज्ञों का तर्क है कि अक्टूबर के तीसरे सप्ताह तक मानसून के फैलने से धान की कटाई और गेहूं की बुआई में देरी हुई। पूर्वी भारत में धान की कटाई अभी शुरू नहीं हुई है। गेहूं का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत कम 86.02 लाख हेक्टेयर है, जबकि पिछले वर्ष यह 91.02 लाख हेक्टेयर था।